# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024





my भारत

उलगुलान क्रांति के नायक जल-जंगल-जमीन के रखवाले

भगवान बिरसा मुंडा

का 150वाँ जन्म जयंती वर्ष

"माटी के वीर"

पदयात्रा

दिनांक : 13 नवंबर, 2024 | समय : सुबह 09:00 बजे से

स्थान : जशपुर, छत्तीसगढ़

"10 हजार युवाओं"

के साथ आयोजित भगवान बिरसा मुंडा "माटी के वीर पदयात्रा" में आप सादर आमंत्रित हैं।

#माटी_के_वीर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

देश के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मंगलवार को तत्काल सुनवाई के मामलों में चली आ रही पुरानी व्यवस्था को बदलने का आदेश दिया। अब मामलों की तत्काल सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख की अनुमति नहीं होगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अब कोई मौखिक उल्लेख नहीं होगा। तत्काल सुनवाई का कारण बताते हुए ईमेल या लिखित पत्र में इसका जिक्र करना होगा। उन्होंने वकीलों से इसके लिए ईमेल या लिखित पत्र भेजने की बात कही।

## सुप्रीम कोर्ट में बदले नियम, मौखिक उल्लेख की अनुमति नहीं

# तत्काल सुनवाई के लिए देना होगा ईमेल-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष अपने मामलों पर तत्काल सुनवाई के लिए उनका उल्लेख करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अब कोई मौखिक उल्लेख नहीं होगा। केवल ईमेल या लिखित पर्ची/पत्र में ही होगा। बस, तत्काल सुनवाई की आवश्यकता के कारण बताएं। प्रधान न्यायाधीश ने न्यायिक सुधारों के लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने कहा है कि न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और नागरिकों के साथ उनकी स्थिति की परवाह किए बिना समान व्यवहार करना न्यायपालिका का संवैधानिक कर्तव्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति खन्ना को शपथ दिलाई थी। न्यायमूर्ति खन्ना ने लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका का नेतृत्व करने पर



### अब तक कैसे होती थी अपील

आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष अपने मामलों पर तत्काल सुनवाई के लिए उनका उल्लेख करते थे। चीफ जस्टिस ने न्यायिक सुधारों के लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है।

अत्यधिक सम्मान महसूस होने की बात कही। प्रधान न्यायाधीश ने सोमवार को अपने पहले बयान में कहा, न्यायपालिका शासन प्रणाली का अभिन्न, फिर भी अलग और स्वतंत्र हिस्सा है। संविधान हमें संवैधानिक संरक्षक, मौलिक अधिकारों के रक्षक और न्याय के सेवा प्रदाता होने के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपता है। उन्होंने कहा, समान व्यवहार के मामले में न्याय वितरण ढांचे में सभी को सफल होने का उचित अवसर प्रदान करना आवश्यक है, चाहे उनकी स्थिति, धन या शक्ति कुछ भी हो, और ये न्यायपूर्ण और निष्पक्ष निर्णय हो। ये हमारे मूल सिद्धांतों को चिह्नित करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें सौंपी गई जिम्मेदारी नागरिकों के अधिकारों के रक्षक और विवाद समाधानकर्ता के रूप में हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हमारे महान राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया जिनमें लंबित मामलों की संख्या कम करना, मुकदमेबाजी को किफायती बनाना और जटिल कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता शामिल है।उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली को सभी नागरिकों की जरूरतों को पूरा करना चाहिए।

### किन चुनौतियों का किया जिक्र

सीजेआई ने न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया, जिनमें लंबित मामलों की संख्या कम करना, मुकदमेबाजी को किफायती बनाना और जटिल कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली को सभी नागरिकों की जरूरतों को पूरा करना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने मुकदमे की अवधि को कम करने, एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाने और यह सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया कि नागरिकों के लिए कानूनी प्रक्रियाएं कठिन न हों।

### मध्यस्थता का बताया महत्व

आपराधिक मामलों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, न्यायमूर्ति खन्ना ने मुकदमे की अवधि को कम करने, एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाने और यह सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया कि नागरिकों के लिए कानूनी प्रक्रियाएं कठिन न हों। उन्होंने विवादों का प्रभावी तरीके से समाधान निकालने और समय पर न्याय प्रदान करने के लिए मध्यस्थता को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### फिल्ममेकर राम गोपाल के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** मशहूर फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा अक्सर अपने बेबाक बयानों की वजह से विवादों में गिर जाते हैं। हाल ही में एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट किया था जिसके चलत वह कानूनी पचड़े में पंस गए हैं। दरअसल सोमवार को राम गोपाल वर्मा के खिलाफ आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में पुलिस में एक शिकायत दर्ज हुई है।

### हसीना के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस की पहल



**ढाका।** बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने पुलिस महानिरीक्षक मोहम्मद मोइनुल इस्लाम को पत्र लिखकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से रेड नोटिस जारी करवाने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की।

### एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने सौतेली बेटी को भेजा मानहानि का नोटिस



**मुंबई।** अनुपमा एक्ट्रेस रूपाली गांगुली पर उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने पिछले दिनों कई आरोप लगाए थे। वहीं अब एक्ट्रेस ने भी करारा जवाब देते हुए अपनी सौतेली बेटी को उनके चरित्र और निजी जीवन को 'बदनाम' करने के लिए कानूनी नोटिस भेजा है। गांगुली ने 50 करोड़ रुपये मुआवजे की भी मांग की है। गौरतलब है कि ये नोटिस गांगुली की वकील और बिग बॉस 16 फेम सना रईस खान ने भेजा है।

## महाराष्ट्र का रण

**प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में साधा निशाना**

# कांग्रेस देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ती

**महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होना है विधानसभा चुनाव**

**288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती होगी 23 नवंबर को**

एजेंसी ▶▶ चंद्रपुर

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चुनावी सभाएं कर रहे हैं और जमकर कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं। मंगलवार को चंद्रपुर के चिमूर में उन्होंने कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी को राष्ट्रवाद को लेकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का और कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई। हमने जम्मू-कश्मीर से 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से



पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है।

### हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

मोदी ने कहा, आज मैं आपको कांग्रेस और उसके साथियों की एक बड़ी साजिश से भी सावधान कर रहा हूं। हमारे देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10% के आसपास है। कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस चाहती है कि हमारे आदिवासी भाई ST के रूप में अपनी पहचान खो दें, उनकी ताकत-पहचान बिखर जाए। आपकी एकता टूट जाए, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है। आदिवासी समाज जातियों में बंटेगा तो उसकी पहचान और ताकत खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुद ये ऐलान कर चुके हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि हमें कांग्रेस के इस षड्यंत्र का शिकार नहीं होना है, हमें एकजुट रहना है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है- हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

### बंटेंगे तो गणपति पूजा पर होगा हमला : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अचलपुर, अमरावती की चुनावी सभा में कहा- अगर हम बंटे तो गणपति पूजा पर हमला होगा, जमीनें लैंड जिहाद के तहत हड़प ली जाएंगी और तो और बेटियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने आगे कहा, आज यूपी कोई लव जिहाद या लैंड जिहाद नहीं है। यह पहले ही घोषित कर दिया गया था कि अगर कोई हमारी बेटियों की सुरक्षा में बाधा डालेगा, सरकारी और गरीबों की जमीन हड़पेगा तो 'यमराज' उनका टिकट काटने के लिए तैयार रहेंगे। यूपी में माफिया थे और पिछली सरकार उनकी सुरक्षा करती थी। लेकिन अब वे सभी 'जहन्नुम' की ओर जा रहे हैं।

### इंदिरा आएं तो भी लागू नहीं होगा मुस्लिम आरक्षण : शाह



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद के झरिया और बाघमारा में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा की। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार बनी तो किसी भी हालत में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं किया जाएगा। आर्टिकल 370 तो राहुल गांधी क्या इंदिरा जी भी आएंगी तो वापस नहीं हो सकता। कुछ भी हो जाएगा वक्फ संशोधन बिल को पास कराएंगे। उन्होंने जनता से कहा- मतदान के दिन सुबह उठकर कमल के निशान पर बटन दबाएं। बटन इतना जोर दबाना कि बटन झरिया-धनबाद में दबे इसका करंट इटली में जा कर लगे।

## झारखंड चुनाव

# 250 यूनिट मुफ्त बिजली, जाति आधारित जनगणना का वादा

### कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में 250 यूनिट मुफ्त बिजली, जाति आधारित जनगणना और एक साल के भीतर सभी खाली सरकारी पदों को भरने का वादा किया गया है। पार्टी घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष बंधु तिर्की की तरफ से जारी मेनिफेस्टो में 1932 के खतियान आधारित अधिवास नीति और आदिवासियों के सरना धार्मिक कोड को लागू करने समेत सात वादों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राज्य की कुल 81 सीटों में से 43 सीटों के लिए पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले घोषणापत्र जारी किया गया। 'घोषणापत्र में गरीबों को वर्तमान में 200 यूनिट के मुकाबले 250 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने व एक साल में सभी खाली सरकारी पदों को भरने का वादा किया गया है। तिर्की ने कहा, 'झारखंड में आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए घोषणापत्र समिति ने हर जिले में चौपाल लगाई और जनता से बातचीत की।

### मेनिफेस्टो के अहम बिंदु

- अगले पांच साल में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा
- सरकारी नौकरी में भर्ती की अधिकतम उम्र पार कर चुके युवाओं को प्रतिमाह पांच हजार रुपये का मिलेगा भत्ता.
- 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने, सरना धर्म कोड को मान्यता दिलाने और क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण का वादा.
- दिसंबर 2024 से 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी
- अनुसूचित जनजाति के लिए 28%, अनुसूचित जाति 12 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27% आरक्षण की बात घोषणा पत्र में कही गई है।
- अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा के लिए विशेष योजनाएं लाने, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन का भी ऐलान किया गया है।

### बौखलाए व डरे हुए हैं मोदी, शाह : रमेश



नई दिल्ली। झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव में हुए प्रचार को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रभारी संचार जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा नेताओं पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'झारखंड में भाजपा में हमारे नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और अन्य लोगों का चुनाव प्रचार स्पष्ट रूप से दिखाता है कि वे बौखलाए और डरे हुए हैं। वे 2024 के चुनाव के नतीजों से उबर नहीं पाए हैं। पीएम मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और असम के सीएम का एकमात्र एजेंडा सामाजिक ध्रुवीकरण है। बड़े पैमाने पर ध्रुवीकरण। शत्रुता फैलाओ, सांप्रदायिक तनाव फैलाओ और सांप्रदायिक जहर फैलाओ। उनके पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई एजेंडा नहीं है।' 'भाजपा को सिर्फ ध्रुवीकरण करना आता'

# मणिपुर में हालात खराब, जिरीबाम में कर्फ्यू लागू, दो शव भी बरामद

**सोमवार को 11 संदिग्ध कुकी विद्रोहियों को मारा है पुलिस ने**

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में पिछले साल भड़की हिंसा के बाद तनाव लगातार बरकरार है। राज्य के जिरीबाम में मंगलवार सुबह दो बुजुर्गों के शव बरामद किए गए। हालांकि, हिंसा के बाद सुबह से स्थिति शांत, लेकिन काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मी गश्त लगा रहे हैं। दरअसल, सोमवार को सुरक्षा बलों ने कम से कम 11 संदिग्ध कुकी विद्रोहियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने



के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है जबकि लापता लोगों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गोलीबारी के बाद सुरक्षाबलों ने आरपीजी और एके सीरीज के हथियार बरामद किए हैं। जिरीबाम में लगातार तनाव बना हुआ है। इस घटना के बाद इंफाल घाटी में कई स्थानों से ताजा हिंसा की सूचना मिली है, जहां दोनों पक्षों के सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई।

### पुलिस चौकी पर अटैक

असम की सीमा से लगे इस जिले में स्थित सीआरपीएफ की चौकी पर अत्याधुनिक हथियारों से लैस वर्दी पहने संदिग्धों ने सोमवार को हमला किया। हमला के जवाब में फायरिंग में कम से कम 11 कुकी संदिग्ध मारे गए जबकि दूसरी तरफ सीआरपीएफ के भी दो जवान घायल हुए हैं।

# खालिस्तानियों की धमकी, कनाडा के मंदिरों ने रद्द किए कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों के बढ़ते हमलों के चलते दो मंदिरों को अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा है। कनाडा के टोरंटो में त्रिवेणी मंदिर और काली बाड़ी मंदिर में आगामी कार्यक्रमों को रद्द किया है। इससे पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक नया वीडियो जारी करके हिन्दू मंदिरों और भारतीय राजनयिकों पर हमले का



ऐलान किया है। ब्रैम्पटन के त्रिवेणी मंदिर ने प्रेस रिलीज जारी करके 17 नवम्बर, 2024 के कार्यक्रम को रद्द करने की जानकारी दी। प्रशासन ने कहा, 'हमें इस बात का गहरा दुख है कि कनाडा के लोग अब हिंदू मंदिरों में आने में असुरक्षित महसूस करते हैं। हम पील पुलिस से त्रिवेणी मंदिर के खिलाफ दी जा रही धमकियों को दूर करने और कनाडाई हिंदू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा की गारंटी देने की माँग करते हैं।'

### सांसद को भी धमकी

कनाडा में मंदिरों और भारतीय राजनयिकों को एक और धमकी खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी है। पन्नू ने सोमवार (11 नवम्बर, 2024) को एक वीडियो जारी किया है। इसमें उसने 16-17 नवम्बर को मंदिरों और भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की बात कही। उसने कहा कि जो भी आदमी तिरंगे के साथ दिखेगा, उसे दुश्मन समझा जाएगा। पन्नू ने कनाडा के हिन्दू सांसद चंदर आर्या को भी धमकी दी है और उन्हें कनाडा में हिंदुत्व का चेहरा बताया है। ऐसा पहला बार नहीं हुआ है जब खालिस्तानी हमले के कारण इवेंट रद्द हुए हों। इससे पहले कनाडा में भारत के दूतावास ने बताया था कि सुरक्षा ना मिलने की वजह से वह आगामी कार्यक्रम रद्द कर रहे हैं।




## चीन की हैरान करने वाली घटना

# तलाक से परेशान होकर लोगों पर कार चढ़ाई, 35 मरे , 43 घायल



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के झुहाई शहर में सोमवार रात को 62 साल के बुजुर्ग ने कार से कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में 35 लोगों की मौत हो गई, जबकि 43 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फैन नाम का आरोपी अपने तलाक के बाद पत्नी के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर नाराज था। ये घटना एक स्पोर्ट सेंटर के पास हुई, जहां लोग एक्सरसाइज करने पहुंचे थे। ये हमला था या एक्सीडेंट, अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है।

फैन को कार में एक चाकू के साथ पकड़ा गया था। उसके गले पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान थे। जब उसे पकड़ा गया तब वह बेहोश था, फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

### चीनी सरकार ने किया खबर सेंसर

झुहाई में मंगलवार को सेना की प्रदर्शनी की आयोजन होना था। इसके चलते चीनी सरकार ने लोगों की मौत की खबर को सेंसर कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह इस खबर से जुड़े कई आर्टिकल चीनी मीडिया से हटाए गए। इसके अलावा जो आर्टिकल पब्लिश हुए उन्हें बिना फोटो और वीडियो को पब्लिश किया गया। हालांकि घटना से जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो गए। इन्हें एक यंग ली नाम के यूजर ने पोस्ट किया था। इन वीडियो में कई लोग सड़क पर घायल अवस्था में लेटे दिखाई दिए।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024







# रायपुर दक्षिण में किसे मिलेगी जीत की 'दक्षिणा', तय हो जाएगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों के साथ देश के 10 राज्यों की 32 सीटों पर उपचुनाव है। उपचुनाव के लिए बुधवार को जिन सीटों पर वोटिंग है, उसमें 31 विधानसभा सीटें और एक लोकसभा सीट शामिल है। विधानसभा उपचुनाव में छत्तीसगढ़ की एक सीट रायपुर दक्षिण की भी है, जिसमें बुधवार को वोटिंग होगी। रायपुर दक्षिण सीट बृजमोहन अग्रवाल ▶▶|शेष पेज 2 पर

खास खबर

### किसका क्या दांव पर

उपचुनाव के लिए बुधवार को जिन 31 सीटों पर वोटिंग है, उसके सियासी समीकरण देखें तो विपक्षी दलों की साख सबसे ज्यादा दांव पर है। 31 में से 18 सीटें विपक्षी दलों के कब्जे में रही थी और 11 सीटों पर भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के घटक दलों का कब्जा था। विपक्ष के कब्जे वाली 18 में से 9 सीटों पर कांग्रेस के विधायक थे, जो दो आरजेडी, एक लेफ्ट के कब्जे में थी। इसी तरह एनडीए के तहत सात विधायक बीजेपी के थे तो एक विधायक हम पार्टी से है। इसके अलावा 2 विधायक अन्य दलों के थे।

### रायपुर की दक्षिण विधानसभा समेत देश के 10 राज्यों की 31 सीटों पर उपचुनाव आज



### वायनाड में प्रियंका की अग्निपरीक्षा

राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली और वायनाड दो संसदीय सीट से सांसद चुने गए थे, लेकिन नतीजे आने के बाद वायनाड सीट छोड़ दी थी। वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस से प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी मैदान में उतरी है। प्रियंका गांधी के खिलाफ लेफ्ट से सत्यन मोकेरी तो बीजेपी से नव्या हरिदास किस्मत आजमा रही है। राहुल गांधी ने 2024 में डी राजा की पत्नी एनी राजा ▶▶|शेष पेज 2 पर

### झारखंड में पहले चरण की 43 सीटें

*बुधवार, 13 नवंबर को दो चरण के झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान के लिए मंच तैयार है, जब 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता मतदान के लिए जाएंगे। मैदान में 683 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर होगी क्योंकि मतदाता इनमें से प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में अपने नए विधायक चुनेंगे। 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 17 सामान्य सीटें, 20 अनुसूचित जनजाति के लिए और छह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। जिन प्रमुख नामों की किस्मत अधर में लटकी हुई है उनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### दीवार ढही, बच्ची समेत चार महिलाओं की मौत



**कासगंज/आगरा।** जिले के कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दीवार ढहने से उसके मलबे में दबकर 10 साल की बच्ची समेत चार महिलाओं की मृत्यु हो गई। कासगंज में पुल निर्माण के लिए खोदी गई खाई से मिट्टी निकालते समय यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कासगंज के मोहनपुरा में मिट्टी का ढेर गिरने से हुए हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सिक्किम में डोली धरती 3.5 तीव्रता का भूकंप




**गंगटोक।** सिक्किम के कुछ हिस्सों में मंगलवार अपराह्न में 3.5 तीव्रता का भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। जान-माल की हानि की कोई सूचना नहीं है। गंगटोक में 12 नवंबर को अपराह्न दो बजकर 36 सेकेंड पर 3.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र 27.29 डिग्री अक्षांश और 88.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से करीब पांच किलोमीटर नीचे था।

### नोएडा हवाई अड्डे पर परीक्षण उड़ान 15 से

**नोएडा।** एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो दिन बाद परीक्षण उड़ान शुरू हो जाएगी। 15 नवंबर से शुरू होने वाला यह परीक्षण करीब एक माह तक चलेगा। इस दौरान विमानों के उतरने और उड़ान भरने का सिलसिला जारी रहेगा। हवाई अड्डे पर एयरक्राफ्ट बीच किंग एयर 360 ईआर के जरिये 10 से 14 अक्टूबर तक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग प्रणाली की जांच की गई थी।

### अक्टूबर में खुदरा महंगाई 6.21 फीसदी पर पहुंची, लगा तगड़ा झटका

# महंगाई की मार, 14 महीने में पहुंची सबसे ज्यादा, आम आदमी परेशान

**आरबीआई की उम्मीद से ज्यादा पहुंची महंगाई**

***महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों को तगड़ा झटका लगा है। अक्टूबर महीने में रिटेल महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ये पिछले 14 महीने में सबसे ज्यादा है। इससे पहले अगस्त, 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.89फीसदी पर थी। महंगाई दर में उछाल की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी है।***

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है। इस तरह खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है। पिछले साल इसी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 10.87 प्रतिशत ▶▶|शेष पेज 2 पर

### छत्तीसगढ़ में महंगाई का ये हाल



- सोया तेल 140 रुपए लीटर
- राइसब्रान तेल 135 रुपए लीटर
- घी 600 से 800 रुपए लीटर
- लहसून 400 से 450 रुपए किलो
- प्याज 70 से 80 रुपए किलो
- आलू 40 से 45 रुपए किलो
- पतला चावल 60 से 80 रुपए किलो
- आटा 45 रुपए किलो
- टमाटर 40 से 50 रुपए किलो
- गोभी 70 से 80 रुपए किलो
- सेमी 120 रुपए किलो
- धनिया 120 से 160 रुपए किलो
- हरी मिर्च 120 रुपए किलो

▶▶|शेष पेज 2 पर

### इधर, शेयर बाजार गिरा पांच लाख करोड़ डूबे

शेयर बाजार में तेज गिरावट के चलते मंगलवार को निवेशकों के 5.29 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 800 अंक से अधिक गिर गया। कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों, विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने और एशियाई तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुझान से स्थानीय बाजारों में कमजोरी आई। बीएसई सेंसेक्स 820.97 अंक या 1.03 प्रतिशत गिरकर 78,675.18 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 948.31 अंक या 1.19 प्रतिशत गिरकर 78,547.84 पर आ गया था।

## बिरसा मुंडा माटी के वीर पदयात्रा आज जशपुर में, मांडविया और सीएम साय भी करेंगे हिस्सेदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया बुधवार को जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस के हिस्से के रूप में भगवान बिरसा मुंडा माटी के वीर पदयात्रा (फूट मार्च) में भाग लेंगे। इस आयोजन में माय भारत युवा स्वयंसेवक भी शामिल होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि खास

### सात किमी की होगी पदयात्रा

पदयात्रा कोमोडो गांव से शुरू होगी और लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रणजीत स्टेडियम में समाप्त होगी। यह पदयात्रा युवाओं, आदिवासी नेताओं और समुदाय के सदस्यों को आदिवासी विरासत और भावना के जीवंत उत्सव में ▶▶|शेष पेज 2 पर

**मुखबिरी का शक**

## जनअदालत में नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सलियों ने एक बार फिर पुलिस मुखबिरी के आरोप में एक ग्रामीण को जनअदालत लगाकर मौत के घाट उतार दिया है। जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम पोटेनार में बीती रात नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर माटवाड़ा निवासी ग्रामीण माड़वी दुलारू की पुलिस मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी है। घटना की सूचना पर जांगला थाना से टीम तस्दीक के लिए रवाना किया गया है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### लगातार वारदात

- 29 अक्टूबर : मुखबिरी के आरोप में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के फुतकेल निवासी दिनेश पुजारी की हत्या
- 19 अक्टूबर : उसूर में कांग्रेस नेता तिरुपति भंडारी की नक्सलियों ने की दिनदहाड़े हत्या
- 8 अक्टूबर भोपालपटनम थाना क्षेत्र के पोषणपल्ली में मुखबिरी के आरोप में कन्हैया ताती की हत्या

## मेडिकल के बाद अब एम्स में रैगिंग, कमेटी को सौंपी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर का मामला पूरी तरह ठंडा नहीं हुआ है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भी रैगिंग की शिकायत सामने आ गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सीनियरों द्वारा जूनियर छात्रों से काम कराने और दुर्व्यवहार करने की शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से की गई है। मामले की जानकारी होने पर वहां की एंटी रैगिंग कमेटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

वर्ष 2024-25 का शिक्षण सत्र शुरू हुए कुछ महीने ही हुआ है कि सीनियरों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के साथ आपत्तिजनक ▶▶|शेष पेज 2 पर

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जूनियरों से काम कराने और दुर्व्यवहार की शिकायत**



### अलग कैंपस, कार्यक्रम में अनुमति नहीं

यह भी बताया जा रहा है कि नवप्रवेश लेने वाले छात्रों का हास्टल कैंपस अन्य से अलग है। उधर सीनियरों की आवाजाही कम ही होती है। जिस कार्यक्रम में रैगिंग जैसी स्थिति बनने की बात सामने आ रही है, वहां जूनियर छात्रों के प्रवेश की अनुमति नहीं थी। ऐसे में जूनियर चिकित्सा छात्रों का वहां पहुंचना भी कई सवाल खड़े करता है।






**हेलीकॉप्टर की दोबारा तलाशी होने पर अफसरों पर भड़के उद्धव, कहा-**

# पीएम मोदी का भी बैग चेक करना, वहां पूंछ मत झुकाना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने मंगलवार को कहा- 'पिछली बार जब पीएम मोदी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई थी, तब ओडिशा में एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था। आपने मेरे बैग की जांच की, कोई बात नहीं, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए।' उद्धव ने अधिकारियों के बैग चेक करने का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने कहा- ▶▶|शेष पेज 2 पर

- 24 घंटे में दूसरी बार यवतमाल के बाद अब लातूर में हुई चेकिंग



### प्रतिशोध की भावना : शिवसेना

शिवसेना के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की वीडियो भी शेयर की गई है। शिवसेना यूबीटी का आरोप है कि शिवसेना पर प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई हो रही है, जबकि सत्ताधारी महायुति में शामिल दल- (भाजपा-शिवसेना-एनसीपी) की तरफ से पैसे बांटने की घटना पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### हो रही बदसलूकी, जनता सिखाएगी सबक : आप

बैग चेक होने पर आप सांसद बोले- जनता जरूर बदला लेगी आप सांसद संजय सिंह ने कहा- महाराष्ट्र के अंदर किसी की हिम्मत नहीं होती थी कि बाला साहेब ठाकरे की पार्टी के साथ कोई दुर्व्यवहार कर सके, आज उस पार्टी के अगुआ उद्धव ठाकरे के साथ जिस तरह की बदसलूकी की गई, इसका सबक महाराष्ट्र की जनता सिखाएगी। संजय सिंह ने कहा- क्या उद्धव ठाकरे को चुनाव प्रचार करने की इजाजत नहीं है? क्या वो अपने प्रत्याशियों के लिए प्रचार नहीं कर सकते? अमित शाह का हेलिकॉप्टर कभी चेक हुआ क्या?

### चुनाव आयोग ने कहा शाह-नड्डा की भी हुई जांच

उद्धव के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा है कि कार्रवाई तय नियमों के मुताबिक होती है। '2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्ताधारी दल के प्रमुख नेताओं के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली गई थी। 24 अप्रैल, 2024 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हेलिकॉप्टर की तलाशी बिहार के भागलपुर जिले में और 21 अप्रैल, 2024 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हेलिकॉप्टर की तलाशी बिहार के कटिहार जिले में हुई थी।'

## चिंतन

# खाद्य महंगाई को जल्द नियंत्रित करें सरकारें

महंगाई एक बार फिर से उच्च स्तर पर है। यह 14 महीनों में सबसे ज्यादा है। खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83 फीसदी रही थी। सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.49 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। महंगाई दर आरबीआई के लक्ष्य से अधिक है। झारखंड व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महंगाई भी एक मुद्दा है। खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है। पिछले साल इसी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24 प्रतिशत से बढ़कर 10.87 फीसदी हो गई है, जो सितंबर में 9.24 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। ग्रामीण महंगाई दर भी 5.87 फीसदी से बढ़कर 6.68 फीसदी और शहरी महंगाई दर 5.05 फीसदी से बढ़कर 5.62 फीसदी हो गई है। यानी देश में हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ी हुई है। इन आंकड़ों से साफ है कि रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के बावजूद आम लोगों को खाद्य महंगाई से राहत नहीं मिल रही है। आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर से आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से नीचे चल रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के दौरान 'सब्जियों, फलों और तेलों और वसायुक्त वस्तुओं की कीमतों में काफी वृद्धि देखी गई। खुदरा मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए एमपीसी के अनुमान से कम से कम 0.6-0.7 प्रतिशत अधिक रहने की संभावना है। इससे एमपीसी की आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती की गुंजाइश नहीं लग रही है। अब अगले साल ही रेपो दर में आधा फीसदी तक की कटौती का दौर शुरू हो सकता है। लंबे समय से उद्योग जगत रेपो दर में कटौती का मांग कर रहा है। उच्च रेपो दर के चलते कर्ज पर ब्याज की दर अधिक है। इससे होम, ऑटो, व उद्योग क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। उच्च महंगाई दर लोगों की खरीद व बचत क्षमता को प्रभावित करती है, इससे उद्योग भी प्रभावित होता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी खुदरा महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई का रेट तय होता है। इनकी कीमतों के अलावा, आयातित मुद्रास्फीति के बढ़ने, जलवायु जोखिम, आपूर्ति चेन में बाधा के कारण भी महंगाई बढ़ती है। जब देश की मुद्रा की मांग और पेशेवर विनिमय दर में गिरावट होती है, तो इसका असर भी महंगाई में दिखाई देता है। उत्पादन और वितरण में अद्यतनीकरण की कमी, अनियमितता में बाधाओं से महंगाई बढ़ जाती है। उच्च महंगाई से समाज के गरीब और मध्यमवर्गीय वर्ग को ज़्यादा असर पड़ता है। इसलिए सरकार को आपूर्ति सिस्टम ठीक करने पर ध्यान देना चाहिए और खाद्य निर्यात को नियंत्रित करना चाहिए। केवल रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के भरोसे रहकर महंगाई को नियंत्रित नहीं की जा सकती है।

## सियासी ट्रेंड
बाल मुकुन्द ओझा



# चुनावी नारे लगाएंगे पार्टियों का बेड़ा पार

चुनावी नारे मतदाताओं में जोश और उत्साह भरने का काम करते है। देश में किसी भी राज्य में चुनाव की रणभेरी बजते ही सियासी जुमलों और नारेबाजी की बाढ़ आ जाती है। चुनावी नारों की देश की राजनीति में बड़ी भूमिका रही है। इस समय महाराष्ट्र, झारखंड और विभिन्न राज्यों में हो रहे उप चुनावों में नेताओं के सियासी जुमलों, बोलों, नारों और बयानों ने देश की राजधानी से लेकर पंचायत तक पूरे भारत में चुनावी गर्माहट पैदा कर दी है। इस दौरान जुमले और नारे अपने परवान पर हैं। दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों में मुख्यतः एनडीए और इंडिया गठबंधन में चुनाव जीतने की जोर आजमाइश हो रही है और दोनों तरफ से तरह-तरह की जुमलेबाजी और नारेबाजी गढ़कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह सर्वविदित है नारे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भरपूर जोश का संचार तो करते ही हैं, अपितु मुद्दों को चुनाव में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजियों के बीच प्रचार के लिए नारे सबसे बड़े चुनावी हथियार बने हैं। चुनावी महासमर में नारों की गूंज जितनी बलवती और ऊंची होती है, राजनीतिक दलों और नेताओं का जोश उतना ही हाई होता है। भारतीय राजनीति में नारों और जुमलों ने अच्छी खासी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समय सबसे चर्चित नारा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' गूंज रहा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद योगी के इस बहुचर्चित नारे ने जोर पकड़ लिया है। इस नारे का पहली बार इस्तेमाल यूपी के सीएम ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि में आगरा में एक रैली में किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक है तो सेफ है' का नारा भी मतदाताओं में बुलंद हो रहा है। इसके जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने बीजेपी से योगी आदित्यनाथ के 'विभाजनकारी' नारे और पीएम मोदी के एकता संदेश के बीच फैसला करने को कहा। उन्होंने कहा कि पहले आप आपस में तय कर लें कि किसका नारा अपनाना है-योगी जी का या मोदी जी का। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा उछाला है। यूपी में विधानसभा की नौ सीटों पर उप चुनाव होने जा रहे हैं जहां भाजपा और सपा में नारों का पोस्टर वार चरम पर है। आजादी के बाद कांग्रेस ने नारा लगाया खरो रुपयो चांदी को, राज महात्मा गांधी को जो बाद में जुमला बनकर रह गया, यथार्थ में गांधी के रामराज का सपना कभी पूरा नहीं हुआ। बाद में एक जुमला गांधी के नाम पर उछाला गया जिसे हम मजबूरी का नाम महात्मा गांधी कहते हैं। नारों की चर्चा के बिना चुनाव की बात अधूरी लगती है। चुनावों के दौरान गरीबी हटाओ से लेकर इंदिरा हटाओ, देश बचाओ जैसे नारे खासे चर्चित रहे हैं। देश में चुनावी मौसम में नारों की सियासत कोई नई नहीं है। 1971 में इंदिरा गांधी ने, वे कहते हैं, इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ" का नारा बुलंद किया था। यह नारा उस दौरान लोगों के सिर चढ़कर बोला और इंदिरा गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने में सफल हुई। यह अलग बात है कि 'गरीबी हटाओ' सिर्फ नारे और जुमले तक सिमटकर रह गया और गरीबी उन्मूलन नहीं हुआ। आज़ादी के बाद कुछ नारे बहुतायत से जनता के बीच उछाले गए इनमें धन और धरती बंट के रहेगी, भूखी जनता चुप न रहेगी, देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन पी गई तेल, बेटा कार बनाता है मां बेकार बनाती है, नसबंदी के तीन दलाल- इंदिरा, संजय, बंसीलाल,एक शेरनी सौ लंगूर चिकमंगलूर-चिकमंगलूर, देश की जनता भूखी है यह आजादी झूठी है, जात पर न पात पर इंदिरा जी की बात पर, राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है, सौगंध राम की खाते हैं हम मंदिर वहीं बनाएंगे, अटल, आडवाणी, कमल निशान, मांग रहा है हिंदुस्तान, तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार, यूपी को ये साथ पसंद है, मां, माटी, मानुष, मोदी है तो मुमकिन है, न खाऊंगा, न खाने दूंगा आदि-आदि नारे खूब प्रचलित हुए। इसी तर्ज पर 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह नारा 'अब की बार 400 पार' खूब प्रचलित हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी' तथा 'चौकीदार चोर है' नारे खूब गूंजे। इनमें से कुछ नारे चुनाव जीताने में सफल हुए और कुछ असफल। फिर भी नारों की अपनी महत्ता है। नेताओं ने इन नारों के जरिये मतदाताओं को लुभाने के खूब प्रयास किए और अब भी कर रहे हैं। मतदाता भी तालियों की गड़गड़ाहट और हर्ष ध्वनि के साथ नारों का स्वागत करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं)



## दो टूक
राज कुमार सिंह

> राजनीतिक दल देश के विकास की कीमत पर अपने वोट बैंक का विकास करते हुए सत्ता कब्जाते हैं और हर कोई मूकदर्शक बना रहता है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का यह बेलगाम खेल तब चल रहा है, जब देश के दो बड़े दलों और नेताओं में ऐसी गारंटियों पर वाक युद्ध चला। कांग्रेस और भाजपा में जारी वाकयुद्ध के बीच भी भाजपानीत राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के वायदे करने में संकोच नहीं किया। महाराष्ट्र में अपने-अपने चुनाव घोषणापत्र में दोनों ही गठबंधन मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं।

# वोट बैंक के विकास की राजनीति

मुफ्त की रेवड़ियों की चुनावी राजनीति फिर चर्चा में हैं। इस पर प्रतिबंध के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल हुई है तो महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों की बारिश का मौसम है। चुनावी राज्यों में अक्सर 'त्योहारी सेल' जैसा माहौल होता है, जहां ग्राहक को आकर्षित करने में दुकानदार कोई कसर नहीं छोड़ते।

ग्राहकों को ऑफर का लाभ उठाने के लिए फिर भी अपनी कुछ जेब ढीली करनी पड़ती है, लेकिन राजनीति में तो करदाता की कमाई से राजनीतिक दल 'दानवीर' बनकर वोट बटोरते हैं। देश के विकास की कीमत पर अपने वोट बैंक का विकास करते हुए सत्ता कब्जाते हैं और हर कोई मूकदर्शक बना रहता है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का यह बेलगाम खेल तब चल रहा है, जब देश के दो बड़े दलों और नेताओं में ऐसी गारंटियों पर वाक युद्ध चला। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो पांच गारंटियां दी थीं, उनमें महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की 'शक्ति' गारंटी भी है। पिछले दिनों कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान आया कि कुछ महिलाओं ने टिकट लेकर यात्रा करने की इच्छा जतायी है, इसलिए 'शक्ति' योजना पर पुनर्विचार संभव है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच आये इस बयान पर शिवकुमार की पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नसीहत दी कि वे ही चुनावी वायदे किए जाने चाहिए, जिन्हें पूरा करना संभव हो। निश्चय ही खरगे को आशंका रही कि शिवकुमार के बयान से कांग्रेस द्वारा किए जाने वाले चुनावी वायदों की विश्वसनीयता पर असर पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खरगे के बयान को लपक कर कांग्रेस पर झूठे चुनावी वायदों का आरोप लगाने में देर नहीं लगायी, पर कांग्रेस और भाजपा में जारी वाकयुद्ध के बीच भी भाजपानीत राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के वायदे करने में संकोच नहीं किया। महाराष्ट्र में 10 नवंबर को जारी अपने-अपने चुनाव घोषणापत्र में दोनों ही गठबंधन मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं। वोट की खातिर मतदाताओं पर अचानक राजनीतिक 'लाड़' उमड़ रहा है। पहले से भारी कर्ज में डूबे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की इस होड़ का क्या असर पड़ेगा, इसकी चिंता किसी को नहीं। यही बात आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की बाबत कही जा सकती है। चुनाव जीतने के लिए लोक लुभावन वायदों की राजनीतिक प्रवृत्ति तो पुरानी हैं, लेकिन मुफ्त की रेवड़ियां अब चुनाव जीतने का आसान कारगर नुस्खा बनती दिख रही हैं। देश भर में मोदी लहर के बावजूद दिल्ली में आप की चुनावी सफलता में मुफ्त पानी-बिजली जैसे वायदों ने निर्णायक भूमिका निभायी। दिल्ली में चुनाव-दर-चुनाव सफलता से उत्साहित अरविंद केजरीवाल अपने चुनावी वायदों को 'गारंटी' बताने लगे, जिसका लाभ आप को पंजाब में भी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता के रूप में मिला।

मुफ्त की रेवड़ियों या ऐसी गारंटियों के जरिये चुनाव



जीतने के लिए अक्सर केजरीवाल को निशाना बनाया जाता है, लेकिन शायद ही कोई दल हो, जो इन चुनावी नुस्खों को न आजमाता हो। हां, नामकरण अलग हो सकता है। कभी गारंटी कहा जाता है तो कभी संकल्प, तो कभी न्याय। विपक्षी दल तो कोरोना काल में शुरू की गयी 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को लगातार बढ़ाये जाने को भी इसी नजर से देखने-दिखाने लगे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव की घोषणा से पहले हुई एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में लगभग 150 लोक लुभावन घोषणाओं को चुनावी 'लॉलीपॉप' के सिवाय और क्या कहा जा सकता है?


कर्नाटक ही नहीं, हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस द्वारा चुनाव जीतने के लिए दी गयी गारंटियों पर अमल को लेकर जब-तब सवाल उठते रहते हैं, पर अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों की कहानी भी अलग नहीं। वायदे सरकार बनते ही राज्य के कायाकल्प के किये जाते हैं, पर उनमें से ज्यादातर बड़े वायदे अंतिम समय तक लटके रहते हैं या फिर उन पर किंतु-परंतु के साथ प्रतीकात्मक रूप से ही अमल किया जाता है। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि हर मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए वायदों की बारिश करते समय उनकी व्यवहार्यता और आर्थिक प्रभाव का आकलन ही नहीं किया जाता। जाहिर है, कोई भी सत्तारूढ़ नेता या दल इन योजनाओं का आर्थिक बोझ नहीं उठाता। बोझ तो ईमानदार करदाताओं पर ही पड़ता है, जिनका प्रतिशत विदेशों की तुलना में हमारे देश में बहुत कम है। यह सवाल भी बार-बार उठता रहा है कि क्या उन करदाताओं से सहमति नहीं ली जानी चाहिए, जो देश के विकास के लिए तमाम तरह के कर देते हैं, न कि चुनावी 'रेवड़ियां' बांट कर सत्ता हासिल करने की गैर जिम्मेदार राजनीति के लिए?

बेशक नागरिकों को जीवन के लिए आवश्यक और न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करवाना कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी है। देश या प्रदेश की सरकार अपने नागरिकों को मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाये तो उसकी प्रशंसा ही की जाएगी। सीमित मात्रा में मुफ्त पानी और सस्ती बिजली जैसी सुविधाओं की सोच भी सकारात्मक है। पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर जैसी दैनिक उपभोग की चीजें भी आम आदमी की क्रय शक्ति के अंदर रखने की कोशिश की जानी चाहिए, लेकिन लैपटॉप, स्मार्ट फोन, साइकिल, टीवी, फ्रिज आदि मुफ्त बांटना तो मतदाताओं को रिश्वत देने जैसा है। फिर अब तो बात मासिक या सालाना नकद राशि देकर 'लाड़' जताने तक पहुंच गयी है। क्या यह 'लाड़' वोट का 'रिटर्न गिफ्ट' नहीं, जिसकी कीमत ईमानदार करदाता ही चुकाते हैं, जिनकी चिंताएं और जरूरतें अब चुनाव केंद्रित राजनीति में किसी के एजेंडा पर नहीं रह गयी हैं? कभी तमिलनाडु से शुरू हुआ मुफ्त की रेवड़ियों का यह चुनावी खेल का अब पूरे देश में खुल कर खेला जा रहा है। चुनाव-दर-चुनाव मुफ्त की रेवड़ियों की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सरकारी खजाने पर उसका बोझ भी, जिसका नकारात्मक असर विकास कार्यों पर साफ नजर आता है।

बेशक इस बीच सवाल यह भी उठा कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना 'रेवड़ी-राजनीति' है तो उद्योगों को तमाम तरह की रियायतें देना क्या है? राजनीतिक दलों में लोक लुभावन घोषणाओं की बढ़ती होड़ से साफ झलकता है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से लेकर चुनाव आयोग तक की नसीहतें बेअसर रही हैं.. और वे नसीहत देने से आगे बढ़ना नहीं चाहते। अब आखिरी उम्मीद मतदाताओं पर टिकी है कि कभी तो वे मतदान तक सीमित कर दी गयी अपनी भूमिका से आगे नागरिक के रूप में अपने वास्तविक अधिकारों और दायित्वों को समझेंगे, ताकि लोकतंत्र को सत्ता का खेल भर बनने से बचाया जा सके।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
## दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# दो अनमोल हीरे



संकलित
## प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आलसी बनाएगी रेवड़ी संस्कृति

देश में रेवड़ी संस्कृति पर रोक लगाने पर चर्चा होती है, लेकिन सवाल तो यह है कि इस पर रोक कौन लगाएगा? राजनेताओं को इस मुद्दे पर वोट बैंक बनाना होता है और लगभग सभी मतदाता मुफ्तखोरी को ध्यान में रखकर अपने कीमती मत का प्रयोग भी करते हैं, जबकि हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि रेवड़ी संस्कृति वो दीमक है जो देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर सकती है। चीन की आर्थिक स्थिति बेहतर होने का एक कारण यह भी है कि वहां हमारे देश जैसा रेवड़ी कल्चर नहीं है। मुफ्तखोरी का एक नुकसान यह हो रहा है कि जो लोग खेतीबाड़ी करते थे, उनमें से बहुत से लोगों ने खेतीबाड़ी करना और पशु पालना बंद कर दिया है। रेवड़ी संस्कृति लोगों को निकम्मा और आलसी ही बनाएगी।

*- सतीश उपाध्याय, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# संरा सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल जरूरत : भारत


भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मौजूदा ढांचे में 'मामूली फेरबदल' की कोशिशों के खिलाफ आगाह करते हुए कहा कि इससे स्थायी सदस्यता में विस्तार और एशिया, अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका के कम प्रतिनिधित्व पर ध्यान देने जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया जा सकता है। ये टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने सोमवार को 'सुरक्षा परिषद में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सदस्यता में वृद्धि का प्रश्न' विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक पूर्ण सत्र में कीं। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में सुधार की तत्काल आवश्यकता कई दशकों से सामूहिक रूप से दोहराए जाने के बावजूद, यह 'निराशाजनक है कि 1965 के बाद से इस संबंध में हमारे पास दिखाने के लिए कोई परिणाम नहीं है, जब सुरक्षा परिषद का अंतिम विस्तार केवल अस्थायी श्रेणी में किया गया था।' साल 1965 में परिषद की सदस्यता छह निर्वाचित सदस्यों से बढ़ाकर 10 कर दी गई थी।अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) की प्रक्रिया की प्रकृति की ओर इशारा करते हुए, हरीश ने कहा कि अपनी स्थापना के 16 साल बाद, आईजीएन एक-दूसरे के साथ संवाद के बजाय मुख्य रूप से बयानों के आदान-प्रदान तक ही सीमित है।



## ऑफ बीट

# केवल एक परमाणु पक्षी का रंग बदल सकता है

पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन'' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।



## ट्रेंड

### खनिज पर स्थानीय का हक



खनिज संपदाओं और वन उपजों से संपन्न राज्य झारखंड को हेमंत सोरेन सरकार ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। भाजपा सरकार प्रदेश की संपदाओं पर स्थानीय निवासियों के अधिकार के लिए संकल्पित है। झरिया विधानसभा के लोगों ने ठान लिया है कि भाजपा को ही लाना है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पानी बचाना हमारा फर्ज



पंजाब के पानी का रखरखाव और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना हमारी ड्यूटी ही नहीं, हमारा फर्ज भी है। इसलिए हमें एक सामाजिक लहर चलाने की आवश्यकता है। आओ, मिलकर इसे संभालें।

-भगवंत मान, सीएम, पंजाब

### एक बार में परीक्षा जरूरी



क्या यूपी के पास बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षा दो दिन में करानी पड़ रही है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता अहम मुद्दा है, जिसके लिए एक बार में ही परीक्षा व्यवस्था जरूरी। सरकार इस ओर ध्यान दे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### स्लमडॉग मिलियनेयर



16 साल पहले 12 नवंबर को, स्लमडॉग मिलियनेयर उत्तरी अमेरिका में रिलीज़ हुई और जंगल की आग की तरह फैल गई। यह फिल्म न केवल मेरे जीवन को अनमोल रिश्तों से समृद्ध करती है, बल्कि वित्तीय रूप से भी सहयता प्रदान करती रहती है।

-अनिल कपूर, अभिनेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024 | कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वादशी | वर्ष : 23, अंक : 117 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# दो दशक पहले नक्सलियों ने भगाया था, अब अपने गांव लौटे 35-40 आदिवासी परिवार

- 21 वर्ष से बंद शिव मंदिर के कपाट खोल की साफ सफाई और पूजा अर्चना
- नक्सल प्रभावित गारपा ग्राम में कैम्प खुलने एवं रोड निर्माण होने से जागा ग्रामीणों का विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अलग खबर

जिन गांव वालों को नक्सलियों ने उनके घरों से भगा दिया था, वे दो दशक बाद अपने गांव लौट आए हैं। यहां पहुंचते ही उन्होंने 21 साल से बंद पड़े शिव मंदिर में साफ सफाई और पूजा अर्चना भी की। जिसके बाद सभी ने अपने घरों में प्रवेश किया। नारायणपुर नक्सल प्रभावित गारपा ग्राम के रहने वाले करीब 35-40 आदिवासी परिवार को नक्सलियों ने वर्ष 2003 में उन्हीं के गांव से बेदखल करते हुए भगा दिया था। अब गारपा में सड़क निर्माण व कैम्प खुलने से ग्रामीणों ▸▸ शेष पेज 2 पर

### ग्रामीणों में जागा विश्वास

ग्राम गारपा में नवीन कैम्प स्थापित होने व शासन की नियद नेल्ला नार योजना के अन्तर्गत सरकार के सभी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। माड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों का सघन नक्सल विरोधी अभियान जारी है, जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के ग्रामीण अपने घर लौटने लगे है ग्रामीणों में नक्सली भय से आजादी की आस जगी है। - **सुंदरराज पी.**, आईजी, बस्तर





### नक्सलियों के डर से नारायणपुर के गुडरीपारा में रह रहा था 40 परिवार

*नक्सलियों द्वारा गांव से भगाए जाने के बाद 40 परिवार 21 सालों से नारायणपुर के गुडरीपारा में निवास कर रहा था। इस दौरान उनका गांव व गांव में रहने वाले परिजनों व ग्रामीणों से रिश्ता लगभग समाप्त हो चुका था। ग्राम गारपा में पुलिस जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प स्थापित होने एवं क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने से तथा रोड निर्माण कार्य होने से नक्सली इलाके से दूरी बना ली। जिसके परिणामस्वरूप दो दशक पूर्व गांव से भगाये गए आदिवासी ग्रामीण नक्सल भय से मुक्त होकर निर्भीक रूप से अपने गांव गारपा पहुंचें तथा अपने गांव के शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर गृहप्रवेश किया।*

### 3 दशक से बंद थी सड़क अब शुरू हुई आवाजाही

नक्सलियों के भय से कोण्डागांव-नारायणपुर को सोनपुर होते हुए सितरम तक जोड़ने वाली प्राचीन सड़क 30 साल मे बंद पड़ी थी। गारपा में पुलिस जनसुविधा एवं सुरक्षा कैम्प स्थापित होने के बाद से इस सड़क पर बस सुविधाए प्रारंभ हुई है, क्षेत्र के ग्रामीण अब जिला मुख्यालय तक बस सुविधा से निजी एवं अन्य दैनिक काम-काजों से यात्रा कर रहे हैं, इस रोड में यात्री बस एवं निजी गाड़िया भी दौड़ने लगी है।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बारातियों से भरी बस खाई में गिरी, कई घायल



**एटा।** एटा जनपद के पिलुआ थाना क्षेत्र के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारातियों से भरी एक बस खाई में गिरकर पलट गई, जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। बस पलटने से बारातियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुन कर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

### महाराष्ट्र में 3.7 करोड़ रुपए नकद जब्त



**ठाणे।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले ठाणे जिले में अधिकारियों ने एक बिल्डर के बंगले और एक वाहन से 3.7 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के नेरुल इलाके में स्थित एक बंगले पर छापा मारा। वहां से ढाई करोड़ रुपए नकद जब्त किए।

### लोकायुक्त ने 11 अफसरों के खिलाफ की छापेमारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 11 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मंगलवार को छापेमारी की। कर्नाटक लोकायुक्त अधिकारियों के खिलाफ बेलगावी, हावेरी, दावणगेरे, कलबुर्गी, मैसुरु, रामनगर और धारवाड़ सहित कई स्थानों पर सुबह से छापेमारी की जा रही है।

### 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए




**भोपाल।** मप्र सरकार ने बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए राज्य में आईएएस के 26 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। जानकारी के अनुसार श्रीमन शुक्ला के स्थान पर अब चिकित्सा शिक्षा सचिव सुरभि गुप्ता को शहडोल संभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

### बंगाल के प्रसिद्ध अभिनेता मनोज मित्रा का निधन



**कोलकाता।** सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को अपने नाटकों के जरिये उठाने वाले कलाकार, लेखक एवं निर्देशक मनोज मित्रा का मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों के कारण मनोज मित्रा का निधन हुआ।

केरल में मचा प्रशासनिक घमासान, दो वरिष्ठ अफसरों पर गिरी गाज

# आईएएस ने हिंदू-मुस्लिम अफसर के नाम से बनाया व्हाट्सएप ग्रुप, हुए सस्पेंड

*केरल में आईएएस अफसर के मोबाइल नंबर से बनाए गए हिंदू और मुस्लिम अफसरों के व्हाट्सएप ग्रुपों पर बवाल मच गया है। अब विजयन सरकार ने एक्शन लिया है। इस मामले में अनुशासन उल्लंघन के आरोप में आईएएस के. गोपालकृष्णन को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा एक और आईएएस अधिकारी पर दूसरे मामले में एक्शन हुआ है।*

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

सीनियर आईएएस के. गोपालकृष्णन को सरकारी अधिकारियों का एक धर्म आधारित वाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए सस्पेंड किया गया है। दूसरे अधिकारी प्रशांत को सोशल मीडिया पर एक सीनियर आईएएस अधिकारी की आलोचना करने पर कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मुख्य सचिव से मिली रिपोर्ट के आधार पर अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया।

केरल सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के. गोपालकृष्णन और एन. प्रशांत के खिलाफ जारी निलंबन आदेश में सेवा नियमों के उल्लंघन और गंभीर अनुशासनहीनता का हवाला दिया है। सरकार ने आदेश में आरोप लगाया कि गोपालकृष्णन के कृत्य ने अखिल भारतीय सेवा संवर्ग के भीतर फूट पैदा की, जबकि प्रशांत के आचरण ने राज्य की प्रशासनिक प्रणाली की छवि को नुकसान पहुंचाया। गोपालकृष्णन को सरकारी अधिकारियों के लिए धर्म आधारित 'व्हाट्सऐप ग्रुप' बनाने के कारण निलंबित कर दिया गया था। वहीं प्रशांत को सोशल मीडिया पर एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के लिए कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। सरकार ने सोमवार देर रात जारी निलंबन आदेश में स्पष्ट किया कि दोनों सिविल सेवा अधिकारियों का कृत्य गंभीर अनुशासनहीनता और ▸▸ शेष पेज 2 पर

### खास बातें

- मुख्य सचिव की रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने की बड़ी कार्रवाई
- मोबाइल की फॉरेंसिक जांच के बाद रिपोर्ट आई फिर प्रदेश सरकार ने संज्ञान लिया

### निलंबित अफसर पर गंभीर आरोप

सरकार का प्रथम दृष्टया यह मानना है कि गोपालकृष्णन के द्वारा बनाए गए उक्त 'व्हाट्सऐप ग्रुप' का मकसद राज्य में अखिल भारतीय सेवाओं के कैडर के बीच फूट डालना और उनकी एकजुटता को तोड़ना था। आदेश में कहा गया, प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि यह अखिल भारतीय सेवाओं के कैडर के भीतर सांप्रदायिक संरचना और गुटबाजी पैदा कर रहा था।

## केरल सरकार ने अनुशासनात्मक आधार पर अफसरों पर की कार्रवाई



### गोपालकृष्णन ने हैक की कही थी बात

आईएएस गोपालकृष्णन ने शिकायत में बताया कि उनके नंबर से मालू हिंदू अफसर और मालू मुस्लिम अफसर नाम से दो व्हाट्सअप ग्रुप बनाए गए। इतना ही नहीं इन ग्रुपों में कई आईएएस अधिकारियों को भी जोड़ा गया, जिसके बाद बवाल मच गया। कहा गया कि अधिकारियों के बीच सीनियर और जूनियर कैटेगरी के ग्रुप तो बनते हैं, लेकिन उच्च अधिकारी इस तरह धार्मिक ग्रुप नहीं बना सकते। ये धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है। हालांकि बवाल बढ़ने के बाद ग्रुप बनने के अगले ही दिन इन्हें खत्म भी कर दिया गया। इसके बाद भी ये मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक बयान पर गिरी गाज

विशेष सचिव (कृषि) एन. प्रशांत को निलंबित करने के एक अलग आदेश में सरकार ने अधिकारी पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस ए. जयतिलक के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक बयान' देने का आरोप लगाया। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ये टिप्पणियां गंभीर अनुशासनहीनता के बराबर हैं और ऐसी टिप्पणियां राज्य में प्रशासनिक प्रणाली की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। इसमें कहा गया, प्रथम दृष्टया इन टिप्पणियों से राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में विभाजन और असंतोष पैदा होने की आशंका है, जिससे जनता को दी जाने वाली सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

### पुलिस ने झुठलाई हैकिंग

पुलिस ने निष्कर्ष निकाला था कि गोपालकृष्णन का दावा कि उनका फोन हैक किया गया था, उसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। सीएस ने रिपोर्ट के साथ एक नोट भी प्रस्तुत किया था, जिसमें कहा गया था कि मामले पर आईएएस अधिकारी द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं था।

# गूगल आईडी-पासवर्ड मांगा जाना निजता के अधिकार का उल्लंघन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

भिलाई के रहने वाले 57 वर्षीय प्रोफेसर विनोद शर्मा से मारपीट के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से भी पुलिस ने पूछताछ की है और उनका गूगल आईडी और पासवर्ड मांगा है। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चैतन्य बघेल की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने छत्तीसगढ़ ▸▸ शेष पेज 2 पर

- पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने की पैरवी

### चैतन्य और बहन का मोबाइल जब्त

घटना 19 जुलाई 2024 की है। भिलाई के ग्रीन वेली में रहने वाले 57 साल के सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा रास्ते में जा रहे थे। इस दौरान 2 बाइक में सवार 6 आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोककर पहले गाली गलौज की। फिर लाठी डंडों से उन्हें जमकर पीटा। प्रोफेसर गंभीर रूप से घायल हो गए और कई जगह फ्रैक्चर आए। इस मामले में चैतन्य बघेल से भिलाई थाने में चार घंटे पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने चैतन्य का ▸▸ शेष पेज 2 पर

### आरोपियों की अग्रिम जमानत पहले ही खारिज

ज्ञात हो कि पुलिस ने प्रोफेसर से मारपीट के मामले में फरार मुख्य आरोपी प्रोबीर कुमार शर्मा, शिवम मिश्रा और धीरज वस्त्रकार का पोस्टर पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के इलाके में चस्पा किया है। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है। जरूरत पड़ी तो संपत्ति कुर्क की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रकरण में गिरफ्तारी से बचने प्रोबीर ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की। जबकि इसी प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों में से करण पाठक ने भी जमानत अर्जी दाखिल की। दोनों की याचिका खारिज कर दी गई है। मामले में पुलिस ने प्रिंस उर्फ प्रसून पांडेय, अमन उर्फ उत्कर्ष द्विवेदी, करण पाठक, रोहन उपाध्याय और रोहित पांडेय को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ही चैतन्य को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

# कंटेनर में घुसी कार गर्दन धड़ से अलग छह छात्रों की मौत



एजेंसी ▸▸ देहरादून

गर्दन धड़ से अलग...सड़क पर बहता खून...देहरादून ओएनजीसी चौक के पास दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। भीषण हादसे में छह छात्र-छात्राओं की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि घटनास्थल का हाल देख हर किसी की रूह कांप गई। मरने वालों में तीन युवतियां शामिल थीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) नीरज सेमवाल ने बताया कि यह जबरदस्त टक्कर ओएनजीसी चौक पर मध्यरात्रि के बाद करीब डेढ़ बजे हुई जब इनोवा कार पीछे से ट्रक कंटेनर में घुस गई, जिससे कार में सवार छह छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई।

### घटना देख कांप गई रूह



### इनकी हुई मौत

पुलिस क्षेत्राधिकारी सेमवाल ने बताया कि मृतक छात्रों की पहचान कुनाल कुकरेजा (23), नव्या गोयल (23), अतुल अग्रवाल (24), कामाक्षी (20), ऋषभ जैन (24) और गुनीत (19) के रूप में हुई है। कुनाल को छोड़कर अन्य सभी देहरादून के रहने वाले थे। कुनाल मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुआ सिद्धेश अग्रवाल (25) सिनर्जी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

### हादसे का कारण स्पष्ट नहीं

अधिकारी ने हालांकि कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना कैसे हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण पता करने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क दुर्घटना में छह युवाओं के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यहां जारी एक संदेश में उन्होंने इस समाचार को 'हृदय विदारक' बताते हुए ईश्वर से दिवंगत छात्रों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# शाहरूख को धमकी देने वाला फैजान खान कोर्ट में पेश, महाराष्ट्र पुलिस को मिली ट्रांजिट रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बॉलीवुड एक्टर शाहरूख खान को धमकी देने वाले फैजान खान को महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ ले गई। महाराष्ट्र पुलिस ने फैजान खान को मंगलवार को गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड मांगा। कोर्ट ने मामले में 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दी है। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस फैजान खान को लेकर मुंबई के लिए रवाना हो गई है। मुंबई पहुंचने के बाद फैजान को वहां के कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। ▸▸ शेष पेज 2 पर

*फैजान को 3 दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर बांद्रा पुलिस के हवाले किया गया*

### पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर की गिरफ्तारी

शाहरूख खान को मिली धमकी के मामले में बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम 7 नवंबर को फैजान खान को पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। इस नोटिस के जरिए फैजान को 11 नवंबर को बांद्रा पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। इस नोटिस के जवाब में फैजान की ओर से उसके वकील विराट वर्मा द्वारा ▸▸ शेष पेज 2 पर



### शाहरूख खान को धमकी 50 लाख की मांग

मुंबई की बांद्रा पुलिस को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने फोन पर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगते हुए शाहरूख खान को जान से मारने की धमकी थी। इस कॉल के बाद बांद्रा पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि कॉल रायपुर से फैजान खान के नंबर ▸▸ शेष पेज 2 पर

ईडी ने की कार्रवाई

# झारखंड और बंगाल में 17 ठिकानों पर ईडी के छापे

एजेंसी ▸▸ रांची

प्रवर्तन निदेशालय ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल और चुनावी राज्य झारखंड में मंगलवार को कई स्थानों पर छापे मारे। संघीय जांच एजेंसी के झारखंड कार्यालय के अधिकारी राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले दोनों पड़ोसी राज्यों में कुल 17 स्थानों पर तलाशी ले रहे थे।



### ईडी ने दर्ज किया था मामला

ईडी ने झारखंड में कुछ बांग्लादेशी महिलाओं की कथित घुसपैठ और तस्करी के एक मामले की जांच के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत सितंबर में एक मामला दर्ज किया था। ऐसा आरोप है कि घुसपैठ और तस्करी से आपराधिक आय अर्जित की गई।

सरकार ने पहली बार महिलाओं की रिजर्व बटालियन को दी मंजूरी

# सीआईएसएफ में दिखेगा महिलाओं का पराक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सीआईएसएफ में महिला सैनिकों की भागीदारी बढ़ेगी। केंद्र सरकार ने एक हजार से अधिक कर्मियों वाली पहली पूर्ण महिला रिजर्व बटालियन तैयार करने को मंजूरी दी है। यह फैसला एयरपोर्ट और अन्य अहम संस्थानों की ड्यूटी की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। रिजर्व बटालियन को पहले से स्वीकृत दो लाख कर्मियों के बल से तैयार किया जाएगा। रिजर्व बटालियन में 1025 महिला जवान होंगी।

### सीआईएसफ के पास 12 रिजर्व बटालियन

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पास 12 रिजर्व बटालियन हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब भी सीआईएसएफ को चुनाव या किसी नए संस्थान में सुरक्षा की जिम्मेदारी मिलती है तो रिजर्व बटालियन को तैनात किया जाता है।



### जुलाई में मिला था संसद की सुरक्षा का जिम्मा

केंद्र सरकार ने जुलाई में देश की संसद की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया था। इससे पहले संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ के पास थी। सीआईएसएफ ने यहां पर 3,300 से अधिक जवानों को तैनात किया है। इनकी अगुवाई के लिए 29 अधिकारियों को भी तैनात किया गया।

### 68 एयरपोर्ट और स्मारकों के लिए महिला जवानों की जरूरत

अधिकारियों के मुताबिक सीआईएसएफ के पास देश के 68 एयरपोर्ट समेत दिल्ली मेट्रो, लाल किला और ताजमहल की सुरक्षा का जिम्मा है। यहां पर बड़ी संख्या में महिला जवानों की जरूरत है। इसके लिए सरकार को पूर्ण महिला रिजर्व बटालियन के गठन का प्रस्ताव दिया गया था। इसके अलावा सीआईएसएफ परमाणु और एयरोस्पेस से जुड़े संस्थानों समेत निजी क्षेत्र के संस्थानों को आतंकवाद विरोधी सुरक्षा देता है। इसमें इन्फोसिस का बंगलूरू और पुणे कार्यालय, जामनगर में रिलायंस की रिफाइनरी शामिल है।

### 11 वीं के छात्र के पास कैश गिनने की मशीन

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में एक 19 साल के लड़के को पकड़ा गया है। आरोपी अभी 11वीं का छात्र है, लेकिन उसकी करतूत सुन आपके होश उड़ जाएंगे। दरअसल, आरोपी ने लालच देकर करीब 200 लोगों को चूना लगाया। उसने इतनी काली कमाई कर ली कि कैश गिनने के लिए मशीन तक खरीदनी पड़ी। छात्र की पहचान काशिफ मिर्जा के रूप में हुई है। काशिफ ने सोशल मीडिया पर लोगों को अच्छी रिटर्न का लालच दिया। उसने 13 हफ्ते के अंदर 40 हजार रुपए मुनाफा कमाने का सपना दिखाया। 11वीं के छात्र ने अपने फॉलोवर्स से कहा कि अगर वो 99,999 रुपए निवेश करेंगे तो 13 हफ्तों के बाद उन्हें 1,39,999 रुपए मिलेंगे।

गांव की कहानी

आचार्य मोतीरावण कंगाली

## राजाओं की राजधानी रही है लाफागढ़



बिलासपुर जिले में बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग पर स्थित पाली ग्राम से 11 कि मी दूरी पर लाफा नामक प्राचीन जमीदारी ग्राम है। इस लाफा ग्राम से 16 कि मी दूरी पर लाफगढ़ का किला एक विशाल पर्वत पर स्थित है। लाफागढ़ किले का मुख्य द्वार के समीप समीप पहुंचने पर ही दिखाई देता है। मुख्य द्वार आज भी मूल अवस्था में है। यह किला चार कि मी लंबाई और डेढ़ कि मी चौड़ाई क्षेत्र में मजबूत परकोट के बीच बना है। करीब 3240 फीट की ऊंचाई के किले में तीन द्वार है। सिंह द्वार के अतिरिक्त जंगो दाई द्वार और हुंकारा द्वार है। सभी द्वार दोहरे हैं जो पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के परिचायक हैं। किले के अंदर स्थित महल खंडहर में तब्दील हो चुका है यहां देवों का स्थल रहा है। इसके निर्माता और निर्माण काल के विषय में रतनपुर के इतिहास एवं साहित्य के रचियता बाबू रेवाराम ने गोंड राजाओं की तारीफ में लिखा है कि - सूरदेव के पुत्र राजा पृथ्वी देव की राजधानी मणिपुर किला लाफागढ़ पहाड़ पर है। इन्होंने मणिपुर आबाद किया और लाफागढ किला बनवाया। राजा पृथ्वीदेव कछुआ गंडचिन्ह धारक मरकाम गोत्रीय कोया वंशीय गोंड समुदाय के थे।

परंपरा

डा. पीसी लाल यादव

## लोक का आनंदोत्सव मड़ई



मड़ई शब्द मड़ से बना है जिसका अर्थ बनाना या सृजन करना है। मड़ई को लोक विद्वानों ने इंद्र ध्वज का रूप माना है। मड़ई को पारंपरिक रूप से गोंड, निषाद, ढीमर, राऊत या धोबी लोग मढ़ते हैं। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन इसे विधि विधान से पूजा कर तैयार किया जाता है। इसे ढेरानुमा चकरी व लंबे बांस से तैयार किया जाता है। इसमें बंदनवार के रूप में उप्पर से नीचे तक कंदई की पत्तियां लगाई जाती हैं। कागज के भी तोरण लगाए जाते हैं। शीर्ष पर मयूर पंख या मेमरी के पौधे लगाए जाते हैं। मड़ई की शोभा निराली होती है। बैरग भी बनाए जाते हैं जिनमें अलग अलग रंग के कपड़े लगे होते हैं। यादव जाति के लोग गड़वा बाजा के साथ दोहा पार झूम झूम कर नाचते हैं। मड़ईहा भी मड़ई को लेकर नाचता है। यह दृश्य तन मन को रोमा।

## पुस्तक समीक्षा

## ओ मां



कृति के नाव: ओ मां

कृतिकार: परमानंद वर्मा

प्रकाशक: राजश्री प्रकाशन रायपुर

समीक्षक: कमलेश देवांगन


मूल्य: 200 रुपए

छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति पर लेखन करते कृतिकार ने अपनी कृति मां को समर्पित करते हुए कृति का नाम भी ओ मां रखा है। आपके इस कथा वस्तु शीर्षक भले ही हिन्दी में लिखा है लेकिन कई स्थान पर छत्तीसगढ़ी के शब्दों को अपनी कथा से जोड़ने का अच्छा प्रयास किया है। संपूर्ण कथा को पढ़ने पर स्पष्ट हो जाता है कि इस धरती पर मां से बढ़ कर कोई नहीं है। मां की गोद में हम सभी पलते और बड़े होते हैं। आपके शीर्षक ढेकी और मूसर पूरी तरह से ग्रामीण परिदृश्य को चित्रित करते हैं। इसी तरह शीर्षक प्रकृति और मां का प्यार, दूधो नहाओ पूतो फलो, बन्दऊ गुरु पद, मधुमक्खी रानी की कथा भी मां के इर्द गिर्द घूमती है। हर कहानी मार्मिक और उद्देश्यपूर्ण साबित हो रहा है। आशा है पाठकों को भी इस पुस्तक की सभी कथाएं अच्छी लगेगी।

करमा नृत्य का आयोजन वर्षा ऋतु के बाद फसलों की कटाई के समय होता है, जो नई फसल आने की खुशी में किया जाता है। इसके अलावा, यह नृत्य भाई-बहन के प्रेम, संतान प्राप्ति की कामना, और नवाखाई पर्व के दौरान भी किया जाता है। करमा नृत्य से समाज में एकजुटता और सामूहिकता का भाव प्रकट होता है, जिसमें लोग एक साथ मिलकर जीवन के विभिन्न उत्सवों को मनाते हैं।



# नए फसल के आगमन पर करमा नृत्य



लोक नृत्यः ललित शर्मा

करमा नृत्य जैव विविधता संरक्षण में अप्रत्यक्ष रूप से कई महत्वपूर्ण योगदान करता है। इसका सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के साथ गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। प्रकृति का सम्मान और पूजा करमा नृत्य की शुरुआत करम वृक्ष की पूजा से होती है।

करम वृक्ष का पर्यावरण में विशेष महत्व है, क्योंकि यह मिट्टी को समृद्ध करता है और जलवायु संतुलन में योगदान देता है। इस वृक्ष की पूजा के माध्यम से आदिवासी समुदायों में वृक्षों का संरक्षण और उन्हें महत्व देने की परंपरा सिखाई जाती है। करमा नृत्य और त्योहारों के दौरान उपयोग किए जाने वाले पौधों और फूलों के माध्यम से स्थानीय जैव विविधता को संरक्षित किया जाता है।

करमा नृत्य में सामूहिक भागीदारी होती है, जिससे सामुदायिक जुड़ाव और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है। जब लोग सामूहिक रूप से नृत्य करते हैं और प्रकृति की पूजा करते हैं, तो यह उन्हें पर्यावरण की देखभाल और संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाता है।

करमा गीतों में अक्सर प्रकृति, जलवायु, और पर्यावरण से जुड़ी धारणाएँ होती हैं। इन गीतों के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान और जैव विविधता के महत्व को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रसारित किया जाता है।



इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं, सूखे, और वर्षा के संतुलन के लिए करम देवता की पूजा से यह संदेश मिलता है कि जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

करमा नृत्य का सीधा संबंध फसलों और कृषि से है। यह नई फसल की कटाई के समय किया जाता है, जिससे पारंपरिक कृषि पद्धतियों का सम्मान और संरक्षण होता है। यह जैव विविधता के तहत स्थानीय फसलें, बीज, और पौधों के संरक्षण में योगदान देता है।

करमा नृत्य से जुड़ी पौराणिक कहानियाँ और मिथक प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ी हुई हैं। यह लोक कथाएँ स्थानीय समुदायों में प्रकृति और जैव विविधता के प्रति आस्था और संरक्षण के विचारों को मजबूत करती हैं। करमा नृत्य छत्तीसगढ़ और अन्य आदिवासी क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि जीवन की खुशियों, परंपराओं, और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। करमा गीत और नृत्य के माध्यम से आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सहेजता है और पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरोहर को आगे बढ़ाता है।

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में अगहन माह में अगहन बृहस्पति व्रत गुरुवार को लक्ष्मी जी की पूजा कर नियम पूर्वक कठिन व्रत रखा जाता है । इस व्रत में लक्ष्मी जी के पद चिन्ह मुख्य दरवाजे से पूजन कक्ष तक बनाई जाती है । यह व्रत विवाहित महिलाएं अगहन माह के प्रत्येक गुरुवार को सुख समृद्धि की कामना के लिए व धन-धान्य से परिपूर्ण रहने के लिए कठोर नियमों का पालन करते हुए रखती हैं।



# अगहन बृहस्पत में सीता चौक पूरने का महत्व

परब विशेष : डा. ज्योति किरण चंद्राकर

गुरुवार के पहले रात्रि बुधवार को घर को साफ करके लक्ष्मी जी के पद चिन्ह बनाए जाते हैं, व विशेष रूप से माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लक्ष्मी जी के पद चिन्ह को बनाने के लिए चावल को भीगा और पीसकर उस घोल से माता लक्ष्मी का पद चिन्ह पूजा कक्ष व भंडार गृह तक बनाया जाता है । आंगन में सीता चौक बनाया जाता है। सीता चौक में विशेषतः लक्ष्मी पांव, गाय का खुर, शंख, कमल आदि अंकित किया जाता है। वह अल्पना से बनाई जाती है । रात्रि को झूठे बर्तन साफ कर रखा जाता है। बुधवार को रात को सोने से पहले पूजा कक्ष व मुख्य दरवाजे के बाहर दीपक जलाया जाता है। प्रथम गुरुवार के दिन पूजा कक्ष में धान का चौक बनाकर पाटा रखकर आसन के ऊपर माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की जाती है। साथ ही चढ़ाने के लिए रखियां, आंवला की टहनी , नया धान ,चावल व मिष्ठान चढ़ाया जाता हैं। कलश स्थापित कर पूजा की जाती है । इस व्रत में व्रति महिलाओं को घर में झाड़ू लगाना, पैसे



खर्च करना, बाल धोना नाखून काटना ,अन्न बिखरना, सूप का उपयोग करना वर्जित होता है। अंतिम गुरुवार को पूजन सामग्री को तालाब में विसर्जित किया जाता है। लक्ष्मी जी में चढ़े हुए सामग्री को घर के लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है। इस व्रत में यह मान्यता है कि महालक्ष्मी जी का व्रत रखकर कामना करने से घर में सुख शांति समृद्धि धन-धन्य वैभव बना रहता है। और माता लक्ष्मी की कृपा हमेशा उनके परिवार पर बनी रहती है। साथ ही इसमें तीनों पहर माता लक्ष्मी व विष्णु भगवान की पूजा गुरुवार के दिन की जाती है



### वर्तमान परिपेक्ष में शहरी

अंचल में अगहन बृहस्पति का व्रत कम लोग रखते हैं क्योंकि इसके नियम कठोर होते हैं । ग्रामीण अंचल में महिलाएं यह व्रत का पालन कर रखती हैं।



लोक साहित्य

डा. सुधीर पाठक

## छत्तीसगढ़ी की उपबोली सरगुजिहा

छत्तीसगढ़ी की नौ उपबोलियों में सरगुजिहा एक प्रमुख उपबोली है। यहां छत्तीसगढ़ी से शाब्दिक एवं अर्थगत भिन्नता वाले सरगुजिहा के लगभग 1100 शब्दों को संकलित किया गया है। यह कृषि, अनाज, फल -फूल, पशु -पक्षी , वस्त्राभूषण, शरीर के अंग, नात -हित, घर-परिवार, पर्व -परंपरादि से संबंधित आमजन द्वारा अपने दैनिक कार्यों को संपन्न किए जाने के दौरान प्रयोग में लाए जाने वाले शब्द हैं। प्रमुख लोकगीत, लोककथा, लोकोक्ति, एवं पहेलियों को संकलित कर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए दोनों में समानता और भिन्नता को रेखांकित किया गया है। छत्तीसगढ़ में बच्चे को टूरा के संबोधन से इंगित किया जाता है, जबकि सरगुजिहा में टूरा का अर्थ अनाथ बालक और टूरी का अर्थ अनाथ बालिका होता है। सन 2007-08 में सरगुजा के दस प्राथमिक पाठशाला में पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को स्थानीय सरगुजिहा बोली का प्रयोग कर स्कूल में घरेलू परिवेश की तरह वातावरण देकर उनमें स्कूल आने और शिक्षा के प्रति आकर्षित करने का यह प्रयोग प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही राज्य के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कोरबा और बस्तर जिलों में इसका प्रयोग शुरू किया गया है।



चिन्हारी

बद्री प्रसाद पारकर


## धान के सकलाए जगा कहाथे खरही



किसान मन पहिली अपन कटाय फसल ला बियारा मा लाने। धान ला लाय के पहिली बियारा के साफ सफई करें। चतराय के बाद धान के भारा ला बियारा मा एक तीर मे रखत जाए। ओहि गंजाय धान के भारा ला खरही कहे जाथे। ऐकर संग बियारा ला बोरझरी कांटा ले रुंधे जाय। अगहन लगतीस तहाने धान कटई सुरु हो जात रीहिस। धान ला काटत काटत गीत ददरिया घलो किसान किसानींन मन गावत रिहिन। जेकर खेत दुरिहा रहाय वोमन गाड़ा बईला मा अऊ जिकर खेत नजदीक मा रहाय वोमन मुड़ में या सुर में धान ला लावय। जब गांव भरके धान लूआ के सकला जाय ता बईगा हा गांव बनातीस तेकर बाद मिंजई सुरु होतीस। खरही ला फोरे के बाद एक मूठा धान ला पैरा अऊ बाली सहित गांव के ठाकुर देव में चढ़ाके असीस लेवय। धान ला लक्ष्मी मान के पूजा अर्चना के बाद घर के कोठी में भितरात रिहिन। वोकर बाद जरूवत के मुताबिक खर्चा के पूर्ति खातिर बेचत रिहिन।



अब बेरा बदल गेहे। टेक्टर मे मिंजई होवत हे। धान के खेत ले सीधा मंडी जावत हे। अब येकरे सेती खरही के चलन दिनों दिन नंदावत हे। कुछ बेरा बाद आज के लइका मन खरही काय होथे तहु ला भुला जहीं तईसे लागथे।



# पढ़ाई के लिए नहीं थे पैसे...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समांथा रुथ प्रभु ने एक बार खुलासा किया था कि एक्टिंग का करियर उन्हें पैसों की कमी को पूरा करने के लिए चुनना पड़ा था। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था, जब उनके पास पढ़ाई करने के पैसे ही नहीं थे, क्योंकि पिता ने उनके कर्ज को चुकाने से इनकार कर दिया था। लेकिन, यह उनके लिए अच्छा भी हुआ। इसके बाद से उनकी जिंदगी बदल गई थी और वह फिल्मों में आ गईं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़ी एक्ट्रेस में से एक सामंथा 'मर्सल', 'महानती', 'यूटर्न', 'शाकुंतलम', 'यशोदा', 'खुशी' जैसी कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं। हाल ही में वरुण धवन के साथ वेब सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' में नजर आईं हैं।



## अमजद खान और शेहला खान की शादी साल 1972 में हुई थी

# पड़ोसन के लिए धड़का गब्बर सिंह का दिल, रास्ते में रोक किया प्रेम का इजहार

*फिल्म 'शोले' का डाकू गब्बर सिंह कितना कड़क मिजाज था। उसकी खूंखार हंसी, क्रूरता और डायलॉग सबकुछ लोगों के जेहन में बसा है। इस किरदार को अमजद खान ने अदा किया। अभिनेता की अदाकारी की तरह ही उनकी प्रेम कहानी भी अनोखी है।*

**नई दिल्ली।** एक लड़का था जो कॉलेज में पढ़ता था। लड़की स्कूल जाया करती। दोनों पड़ोस में रहते। रोज का मिलना था। साथ में बैडमिंटन भी खेलते। लड़की उस लड़के से भैया बोला करती। लेकिन, फिर आगे वही लड़का उसका हमसफर बन गया। पढ़ते हुए ये किसी उपन्यास की काल्पनिक पंक्तिया लग सकती हैं। लेकिन, यह हकीकत है। हकीकत है अमजद खान की जिंदगी की। कॉलेज जाने वाले लड़के वे खुद थे और स्कूल में पढ़ने वाली लड़की उनकी हमसफर शेहला। आइए जानते हैं, यह प्रेम कहानी कैसे शुरू हुई...



### 14 की शेहला पर आया अमजद का दिल

अभिनेता अमजद खान की आज जयंती है। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी जिंदगी और फिल्मों के किस्से आज भी हैं। उनकी जिंदगी पर गौर करें तो उनकी लव स्टोरी सबसे दिलचस्प है। अमजद खान और शेहला खान की शादी साल 1972 में हुई। शेहला की उम्र जब महज 14 साल थी, तभी अमजद खान का दिल उन पर आ गया। अपनी और अमजद की लव स्टोरी के बारे में खुद शेहरा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था।

### जब अमजद खान ने जताई आपत्ति

शेहला के मुताबिक, वे और अमजद खान मुंबई के बांद्रा में एक-दूसरे के पड़ोसी थे। शेहला अमजद खान को जयंत अंकल के बेटे के तौर पर जानती थीं। उस वक्त शेहला की उम्र 14 बरस थी और वे स्कूल में पढ़ा करती थीं। वहीं, अमजद खान कॉलेज में थे। दोनों एक-दूसरे के साथ बैडमिंटन खेलते थे। हालांकि, उस वक्त प्यार-मोहब्बत जैसा कुछ नहीं था और शेहला अभिनेता को भैया कहा करतीं। वहीं, अमजद खान का दिल शेहला के लिए धड़कने लगा था और उन्होंने शेहला के 'भैया' संबोधन पर आपत्ति जताई।



### पिता ने कर दिया था इंकार

अमजद खान ने शेहला से कहा, 'मुझे भैया मत कहा करो'। इसके बाद एक रोज शेहला जब स्कूल से लौट रही थीं तो अमजद खान ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। कहा, 'जल्दी से बड़ी हो जाओ। मैं तुमसे शादी करूंगा'। फिर कुछ समय बाद अमजद खान ने शेहला के घरवालों से उनका हाथ मांग लिया। तब शेहला की उम्र कम होने के चलते उनके पिता ने इनकार कर दिया। धीरे-धीरे दोनों की प्रेम कहानी और आगे बढ़ी। साल 1972 में इनकी शादी हो गई। अमजद और शेहला के तीन बच्चे हुए।

## दोबारा 'शक्तिमान' बनने पर हुए ट्रोल

**नई दिल्ली।** मुकेश खन्ना 'शक्तिमान' बन वापस लौट रहे हैं। हालांकि, नेटिजन्स 66 वर्षीय अभिनेता के इस फैसले से नाखुश हैं और उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। मुकेश खन्ना ने बीते दिन पोस्टर और टीजर जारी कर साफ किया कि वह 'शक्तिमान' के रूप में लौट रहे हैं। साथ ही उन्होंने वर्तमान पीढ़ी के बारे में एक टिप्पणी की। इस ऐलान के बाद से ही मुकेश खन्ना को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने टिप्पणी कर कहा, 'कल्पना करें कि लड़ाई के कुछ मुकाबलों के बाद शक्तिमान को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।' एक अन्य ने कहा, 'कृपया शक्तिमान को बर्बाद मत करो, ऐसा मत करो।'





## 'डेढ़ फुटिया' नाम से पुकारता था एक्टर

**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी ने 27 साल पहले, यानी 1997 से इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत 'राजा की आएगी बारात' से की। बॉलीवुड उन्होंने एक से बड़कर एक फिल्में दीं। 90 के दशक में उन्होंने अपनी प्यारी आवाज, शानदार एक्टिंग और दिलकश खूबसूरती से चंद सेकेंड पर हर किसी को अपना दीवाना बनाया। एक्टिंग के साथ एक्ट्रेस अपनी हाईट को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने कई सुपरस्टार्स के काम किया। लेकिन उन्हीं के साथ 2 फिल्मों में उनका हीरो रहा उन्हें 'डेढ़ फुटिया' कहा करता था। रानी को 'डेढ़ फुटिया' बुलाने वाला एक्टर कोई और नहीं है, बल्कि बॉबी देओल है। बॉबी और रानी के बीच अच्छी दोस्ती है और इसी दोस्ती लेहजे में बॉबी एक्ट्रेस को छेड़ा करते थे। दोनों ने एक साथ फिल्म 'बिच्छू' और 'बादल' में काम किया था।



## एक-दूसरे को चुनौती देना भी जरूरी

**मुंबई।** अर्जुन कपूर का अपनी बहनों जान्हवी और खुशी कपूर के साथ रिश्ता समय के साथ मजबूत होता गया है। अभिनेता ने हाल ही में अपनी छोटी बहनों पर प्यार लुटाया, और बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में वह अपनी बहनों के साथ काफी बातचीत करने लगे है। अर्जुन कपूर ने बहन जान्हवी के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है और बताया है कि पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच का संबंध और गहरा होता गया है। अर्जुन कपूर का मानना है कि जहां प्रशंसा महत्वपूर्ण है, वहीं जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे को चुनौती देना भी उतना ही जरूरी है। वह जान्हवी के काम करने के तरीके और अपने करियर में जोखिम लेने की इच्छा की प्रशंसा करते हैं, और जब भी उन्हें जरूरत होती है, वह उन्हें समर्थन देते हैं।

# अमिताभ ने निम्रत कौर को भेजा था लेटर अब हुआ वायरल...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के बीच तलाक की अफवाहों का सिलसिला महीनों से चल रहा है। तलाक की इन अफवाहों के बीच, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अभिषेक का 'दसवी'की को-एक्ट्रेस रही निम्रत कौर संग अफेयर चल रहा है। हालांकि, इस पर न तो बच्चन फैमिली की तरफ से कोई रिएक्शन आया है और नहीं निम्रत या ऐश्वर्या ने प्रतिक्रिया दी है। इन अफवाहों के बीच, अमिताभ बच्चन द्वारा निम्रत कौर को हाथ से लिखे गए एक लेटर की तस्वीर सोशल मीडिय पर वायरल हो रही है। अमिताभ बच्चन ने साल 2022 मे 'दसवीं' में निम्रत कौर की परफॉर्मेंस के लिए सराहना पत्र भेजा था. इस पत्र में उन्होंने लिखा था, 'हमारे बीच शायद ही कोई बातचीत या मुलाकात हुई हो। आखिरी तारीफ मैंने वाईआरएफ इवेंट में कैडबरी के विज्ञापन के लिए की थी। लेकिन 'दसवी' में आपका काम असाधारण है, बारीकियां, हाव-भाव, सब कुछ! मेरी तरफ ढेर सारी बधाई, सराहनीय।'



### निम्रत ने अमिताभ को बताया पिता समान

निम्रत कौर ने आगे लिखा था, 'और, सालों बाद, एक फिल्म में मेरे द्वारा किए गए काम के लिए एक नोट और फूल भेजेंगे, यह सब मेरे लिए एक दूर का सपना जैसा लगता था, शायद किसी और का सपना है, मेरा अपना नहीं। अमिताभ सर, आपको मेरा सहप्रेम, अनंत धन्यवाद. आज अल्फ़ाज़ और भावनाएं, दोनों कम पड़ रही हैं। आपका यह स्नेहपूर्वक पत्र आजीवन मुझे प्रेरित करता रहेगा और आपके इस अमूल्य गुलदस्ता रूपी आशीर्वाद की महक मेरी जिंदगी के हर क़दम पर बनी रहेगी। आपसे मिली इस शाबाशी से एक चुप्पी महसूस हो रही है जैसे किसी विशाल पर्वत या प्राचीन मंदिर के सामने होती है। आपकी श्रद्धापूर्वक, सदैव आभारी, निम्रत।'

### निम्रत कौर को लग रहा था सपना

निम्रत कौर ने अमिताभ बच्चन का लेटर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए प्रतिक्रिया दी थी और एक लंबा कैप्शन लिखा था। उन्होंने लिखा था, '18 साल पहले, जब मैंने पहली बार मुंबई में कदम रखा था, तो सोचा था कि अमिताभ बच्चन एक दिन मेरा नाम जानेंगे, हमारी मुलाकात को याद रखेंगे, एक विज्ञापन में मेरे काम की सराहना करेंगे'

# साउथ की इस फिल्म का सस्पेंस उड़ा देगा होश...



*__नई दिल्ली।__ मलयालम फिल्म किष्किंधा कांडम इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया था। इस फिल्म की कहानी ने लोगों को इतना इंप्रेस किया कि हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं रुक रहा है। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने को तैयार है और इसे यहां भी बहुत पसंद किया जाने वाला हैं। फिल्म ने इतना तगड़ा कलेक्शन किया था कि हर कोई इसके सस्पेंस का दीवाना हो गया है। इसका सस्पेंस देखकर तो अजय देवगन की दृश्यम तक भूल जाएंगे। किष्किंधा कांडम सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म हैं। इसमें आसिफ अली, अपर्णा बालामुरली और विजयराघवन लीड रोल में नजर आए हैं। किष्किंधा कांडम को दिनजीत अय्याथन ने डायरेक्ट किया है वहीं इसे बाहुल रमेश ने लिखा है। 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।*


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

## Appointment आवश्यकता

### डाटा एंट्री ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु ग्रेजुएट पास डाटा एंट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000/- प्रतिमाह **मो. 8461886239.**(RO-6401)

### सुपरवाइजर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव -02 सैलरी योग्यता अनुसार, अनुभवी को प्राथमिकता **पता-आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी (आर्थराइड डिलर फिनोलेक्स पाईपस एंड फिटिंग) नरसिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 07 के पास गुढयारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल - 8435904413.**(RO-6402)

### ऑपरेटर/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** बिलिंग ऑपरेटर, सेल्स गर्ल, ब्वॉय, हमाल, हेल्पर, टाटा एस कार ड्राइवर, गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी कपड़ा मार्केट के पास, रायपुर 74897-70673, 98261-83000.** (RO-193)

### कुक/वार्डन

**आवश्यकता है-** कुक / वार्डन की आवश्यकता है आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई में खाना बनाने महिला या पुरुष कुक एवम गर्ल्स की देखरेख करने पूरे समय के लिए सिंगल विडो महिला वार्डन की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा **उपलब्ध 9424119112.** (आरो नं. 623)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर 81091-35400.**(RO-175)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 **चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.**(RO-om)

**आवश्यकता है-** सनी सिक्योरिटी सर्विसेस बिलासपुर को सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। रायपुर, बिलासपुर प्रा.लि. कंपनियों के लिए वेतन 13000 से 15000 तक आवास, मेडिकल फ्री **संपर्क करें 9827110887, 8793519403, 8319724823, 9229260100.**(RO-35805)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - प्रिया ड्रेसेस, मालवीय रोड रायपुर मोबाइल 8839050010, 9584000007.** (RO-4507)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1647)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग.मो नं. 7400700030.** (RO-1785)

### ड्राइवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना:- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें)। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। **पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक:- 9340730994.**(RO-21)

**आवश्यकता है-** **ऑटोमेटिक एवं मेनुवल कार चलाने हेतु ड्राइवर एवं दारू, तंबाखु, गुटखा का आदि न हो एवं आने जाने के स्वयं की व्यवस्था हो संपर्क मोबाइल नंबर 7440410500.** (RO-6405)

**आवश्यकता है-** चुस्की चायपत्ती में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क-** Jain Traders **नियर SBI ATM के सामने गली सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 74699-80000, 0771-4075490.**(RO-5996)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क करें- 97541-60228.** (RO-1233)

### फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** 12वीं पढ़े स्वयं का वाहन वाले फील्ड स्टाफ 6000/+ पेट्रोल एवं कंप्यूटर एक्सपर्ट ग्रेजुएट लड़की की आवश्यकता है। अधिवक्ता कार्यालय साईं नगर उरला दुर्ग। **संपर्क :- 70009-83043.**(आरो न 625)

### डिलीवरी/पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में डिलीवरी, पैकिंग कार्य व टेलीफोन कॉल हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार, अनुभवी को प्राथमिकता न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता -12th **संपर्क करें संजय मेडिकल स्टोर 4, मेडिकल कॉम्पलेक्स रायपुर मोबाइल- 7024123233.** (RO-6404)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कों एवं लड़कियों की उम्र 18 से 25 वर्ष सैलरी-6000 से 10500 तक अनुभवी फ्रेशर **संपर्क करें- 9993685150, 895985099. एस.टी. इंटरप्राइजेस भाटागांव पानी टंकी बाजार रायपुर** (RO-6406)

### पैकिंग कार्य/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एंव सेल्समैन की आवश्यकता एवं बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है **मोबाइल- 7067048454.** (RO-6403)

### आवश्यकता

**Requirements-** CBJ Tech India Pvt Ltd. 3rd floor Brij Tower Sunder Nagar, Raipur Mo- 7880098307, 9755415715 Profile-package (1) Business Development Executive Male- 12000 to 15000 (2) CCTV Installer Male- 8000 to 12000 (3) Receptionist/ Telecaller Female- 7000 to 12000 Qualification- 12th/ Graduation Experience- Fresher & above Location- CG & Odisha (RO-35912)

हरिभूमि

### ड्रायवर/कुक

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.**(RO-1227)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में काम करने हेतू सेल्समैन एवं अकाउंटेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर 2, ड्राइवर 1 की आवश्यकता है, सिर्फ लड़के ही **संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर** Mob. **9425216364, 9425522576.** (RO-3091)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-814)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP करे : - **7762065867.**(RO-om)

**आवश्यकता है-** **Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव **मो. 8461886239.**(RO-6000)

## Property प्रापर्टी

**मकान बेचना है-** दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मत स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। **सम्पर्क करें:- 96916-31036, 91110-08008.** (आरो - 621)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी...

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME

(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रद्रोह एवं किसानों के अपमान पर कंगना को कोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्र द्रोह एवं किसानों के अपमान के मामले में कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किया गया है। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध नोटिस जारी कर 28 नवंबर 2024 को अपना पक्ष रखने के लिए आदेश किए हैं।

### अरेंज मैरिज करेंगे, मां भी देख रही हैं 'लड़की'



**हरिभूमि न्यूज :छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हिंदू पद यात्रा निकालने वाले हैं। इन दिनों वह इसी की तैयारी में जुटे हैं। हिंदू पद यात्रा की तैयारी के बीच बाबा बागेश्वर की शादी की भी चर्चा होती है। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह शादी उनकी मां की पसंद से होगी। मां ने लड़की देखना शुरू कर दिया है। वो तो अभी हमको ही पता नहीं है कि कौन है। यह तय मेरी मां करेंगी।

### स्पर्म लेने की इच्छुक महिला को मुफ्त आईवीएफ मिलेगा



**न्यूयॉर्क।** मैसेजिंग एप टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पावेल दुरोव अपने स्पर्म से जुड़े अजीबोगरीब ऑफर के कारण सुर्खियों में हैं। उन्होंने महिलाओं को मुफ्त आईवीएफ की पेशकश की और कहा कि अगर कोई महिला उनके शुक्राणुओं का इस्तेमाल कर मां बनना चाहती है तो वे मदद के लिए तैयार हैं। दुरोव के इस ऑफर का मकसद उन लोगों की मदद करना है जो परिवार बढ़ाना चाहते हैं।

## तीन मौतों से परिवार में छाया मातम

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में पति, पत्नि व बच्चे की दर्दनाक मौत

### कोतवाली थाना क्षेत्र के आमागुड़ा चौक में हुआ हादसा

### मृतक परिवार ओडिशा से जगदलपुर ससुराल आया था







**परिजनों के सामने ही तीन लोगों की गई जान**

जिस समय हादसा हुआ परिवार के अन्य सदस्य आमागुड़ा चौक में ही उनका इंतजार कर रहे थे। लेकिन नियती को कुछ और ही मजूंर था। परिवार के सदस्यों के सामने ही परिवार के दामाद के अलावा बेटी व भांजे की मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही ओडिशा में मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ व क्षेत्र में मातम छा गया।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

मंगलवार देर शाम कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आमागुड़ा चौक में हुए सड़क हादसे में दंपति व मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब परिवार अपनी बाइक से गृहग्राम ओडिशा जा रहा था। तभी हाईवे में रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में पति व पत्नि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर बच्चे ने उपचार के दौरान महारानी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक ओडिशा के चांदली ग्राम निवासी गुरूबंधु मांझी 40 वर्ष अपनी पत्नी अनिता मांझी 35 व पुत्र श्रीनाथ मांझी 12 वर्ष के साथ जगदलपुर ससुराल आया हुआ था। परिवार के सभी सदस्य शाम को घाटलोंहगा स्थित बस्तर हाट घूमने के लिए गए हुए थे। बस्तर हाट से वापसी के दौरान परिवार के अन्य सदस्य दूसरे वाहनों से आमागुड़ा चौक पहले पहुंचकर बाइक में आ रहे पति पत्नी व बच्चे का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार गुरूबंधु व अनिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर श्रीनाथ को तत्काल मौके पर मौजूद लोगों द्वारा महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहीं ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बुधवार को पीएम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।


# समकालीन समस्याओं से मुकाबले के लिए सहयोग आधारित दृष्टिकोण जरूरी

*राजधानी में एमपी-आईडीएसए द्वारा आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हए बोले रक्षा मंत्री राजनाथ*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

चीन और पाकिस्तान की साझा युद्ध चुनौती के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) द्वारा आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समकालीन समस्याओं से निपटने के लिए सहयोग आधारित दृष्टिकोण जरूरी है। इन मामलों में राज्यों के अलावा अराजक तत्व भी शामिल हैं। सरकार तेजी से बदलती दुनिया में उत्पन्न होती चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण यानी अडेप्टिव डिफेंस तैयार कर रही है। जो रणनीतिक विकल्प की जगह पर एक आवश्यकता है। यह केवल जो हुआ है उस पर ध्यान केंद्रित करने पर आधारित नहीं है। बल्कि जो हो सकता है उसका पूर्वानुमान लगाकर उसके लिए सक्रिय रूप से तैयारी से जुड़ा हुआ है।

### खतरों संग तैयार होनी चाहिए रणनीतियां




उन्होंने कहा कि जिस लिहाज से देश के सामने खतरे आते हैं। उसी तरह से हमारी रक्षा प्रणाली और रणनीतियां भी तैयार होनी चाहिए। भविष्य की तमाम आकस्मिकताओं के लिए तैयार रहने का आह्वान रक्षा मंत्री ने किया। रणनीतिक दृष्टिकोण हमारी सीमाओं की रक्षा करने से कहीं अधिक हमारे भविष्य को सुरक्षित करने से जुड़ा हुआ है।

# डीआरडीओ ने किया लंबी दूरी के जमीनी लक्ष्यों पर हमले में सक्षम क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**रक्षा मंत्री और डीआरडीओ अध्यक्ष ने परीक्षण में शामिल सभी भागीदारों को दी बधाई**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी के जमीनी लक्ष्यों पर सटीक हमले में सक्षम क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का मंगलवार को पहला सफल परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल ने मोबाइल आर्टिकुलेटेड लांचर से परीक्षण से जुड़े हुए सभी प्रारंभिक लक्ष्यों को प्राप्त किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संगठन ने यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया। इस दौरान मिसाइल की हर छोटी बड़ी गतिविधि पर विभिन्न रेंज सेंसरों जैसे रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलिमेट्री उपकरणों के जरिए कड़ी निगरानी रखी गई। इस मिसाइल को एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (बेंगलुरु) ने डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों की मदद से विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण की सफलता के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र सेनाओं और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में स्वदेशी क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम को गति मिलेगी। इसके अलावा संगठन के अध्यक्ष डॉ.समीर वी कामत ने डीआरडीओ की टीम को एलआरएलएसीएम की सफलता के लिए बधाई दी।

# मथुरा रिफाइनरी में भीषण धमाका 10 अफसर-कर्मचारी झुलसे

**एजेंसी ▶▶| मथुरा**

■ तीन गंभीर हालत में दिल्ली रेफर

मथुरा रिफाइनरी में मंगलवार की देर शाम शटडाउन के बाद स्टार्टअप एक्टिविटी के दौरान अचानक धमाके के बाद आग लग गई। इसमें एक अधिकारी समेत 10 कर्मचारियों के झुलसने की खबर है। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनको दिल्ली अपोलो अस्पताल भेजा गया है, जबकि पांच का रिफाइनरी के अस्पताल और दो का सिम्स में इलाज चल रहा है। वहीं आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर रिफाइनरी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम करीब 7.30 बजे रिफाइनरी की एवी यूनिट में शटडाउन के बाद स्टार्टअप एक्टिविटी की जा रही थी। इस दौरान वेल्डिंग करते समय आग लग गई। इससे वहां आसपास काम कर रहे कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए। धमाके के शोर और चीख-पुकार से चारों ओर से लोग उस तरफ दौड़ पड़े। मौके पर आग विकराल होती जा रही थी। इस दौरान वहां मौजूद फायर टेंडरों के जरिए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कुछ ही देर में सूचना पर दमकल भी पहुंच गईं। इससे आग पूरी तरह बुझाई जा सकी। वहीं झुलसे लोगों को एंबुलेंस के जरिए रिफाइनरी के अस्पताल और दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया है।

# शिक्षा मंत्री ने राज्यों को दिए शिक्षा का कायाकल्प करने के पांच अहम सुझाव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित एक दो दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सचिवों को शिक्षा का कायाकल्प करने के लिए पांच जरूरी सुझाव दिए। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इनमें सबसे पहले उन्होंने फंडिंग के नए तरीकों से सरकारी विश्वविद्यालयों को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके बाद उद्योग, राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों की जरूरतों व आकांक्षाओं के हिसाब से पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए थिंक टैंक स्थापित करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में नेतृत्व करने के लिए अनुसंधान और नवाचार के लिए बहु विषयक दृष्टिकोण अपनाना, प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग से हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में अकादमिक नेतृत्व विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना और खेलकूद, वाद विवाद, कविता, नाटक, प्रदर्शन कला के जरिए जीवन की जीवंतता को पुनर्जीवित करना व इन गैर शैक्षणिक क्षेत्रों को प्राथमिकता देना जैसे सुझावों को शामिल किया।

### एनईपी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बनेगा नेटवर्क

इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने के विभिन्न दृष्टिकोणों और तरीकों का प्रसार करना, रोडमैप और कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से स्पष्ट करना, ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, हितधारकों को एक साथ लाने और एनईपी के प्रभावी और सुचारू कार्यान्वयन के लिए नेटवर्क बनाने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना, सरकारी संस्थानों में इसके अपनाने को प्रोत्साहित करना है।

# भारत और चीन के बीच पेट्रोलिंग का पहला राउंड पूरा, समझौते के बाद एलएसी पर शुरू हुई थी गश्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग के टकराव वाले क्षेत्रों में डिसइंगेजमेंट प्रक्रिया पूरी होने के बाद पेट्रोलिंग (गश्त) का एक दौर पूरा कर लिया है। दोनों देशों की सेनाएं उन क्षेत्रों में हर हफ्ते एक समन्वित गश्त करने पर भी सहमत हुई हैं, जहां 2020 में गलवान घाटी संघर्ष के बाद से तनाव बना हुआ है। पेट्रोलिंग का कोऑर्डिनेशन स्थानीय स्तर पर किया जाता है और ग्राउंड रूल स्थानीय कमांडरों द्वारा एक-दूसरे से बात करने के बाद तय किए जाते हैं।

### समझौते का पालन कर रहे हैं दोनों देश

भारत और चीन डेमचोक और देपसांग में समझौतों का पालन कर रहे हैं। दोनों देशों की सेनाएं पेट्रोलिंग के जरिए यह सुनिश्चित कर चुकी हैं कि डिसइंगेजमेंट प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। दोनों पक्ष इन दोनों स्थानों पर सभी अस्थायी बुनियादी ढांचे को हटाने पर भी सहमत हुए हैं। पड़ोसी देशों ने अक्टूबर में संघर्ष वाले इलाकों से सैनिकों की वापसी पर सहमति बनने के बाद नवंबर की शुरुआत में क्षेत्र में पहली कोऑर्डिनेशन पेट्रोलिंग की। रक्षा सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक क्षेत्र (डेमचोक और देपसांग) में एक बार भारतीय सैनिकों द्वारा और एक बार चीनी सैनिकों द्वारा गश्त की जाएगी। एलएसी पर स्थिरता बनाए रखने के लिए स्थानीय कमांडरों के स्तर पर बातचीत जारी रहेगी, जिसमें ब्रिगेडियर और समान रैंक के अधिकारी शामिल होंगे। इस बातचीत का उद्देश्य डिसइंगेजमेंट प्रोटोकॉल को और व्यवस्थित करना और अन्य मुद्दों का समाधान करना है। पुरानी परंपरा को एक बार फिर शुरू करते हुए इस बार दिवाली के मौके पर 31 अक्टूबर को भारतीय और चीनी सैनिकों ने मिठाइयों का आदान-प्रदान किया।

### देपसांग और डेमचोक पर बनी थी सहमति

इससे पहले भारत और चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को पीछे हटाने और फिर से पेट्रोलिंग शुरू करने के लिए एक नए समझौते पर पहुंचे थे। भारत ने 21 अक्टूबर को घोषणा की थी कि एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर चीन के साथ एक समझौते पर सहमति बनी है, जो चार साल से चले आ रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता है। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम 22-23 अक्टूबर को होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा से ठीक पहले सामने आया था।

### गलवान की झड़प के बाद से था तनाव

बता दें कि पूर्वी लद्दाख स्थित गलवान घाटी में वर्ष 2020 में 15–16 जून को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें 20 भारतीय सैनिकों की मौत हुई थी और करीब दोगुनी संख्या में चीनी सैनिक भी मारे गए थे। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों के बारे में कभी आधिकारिक आंकड़े नहीं जारी किए। इस घटना के बाद से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे और सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था।

## IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR, CHHATTISGARH

**I.A. NO..................../2024**
**IN**
**CAVEAT APPLICATION NO. ................./2024**
**WRIT PETITION (C) NO............. /2024**

**CAVEATOR PROPOSED RESPONDENT:** Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited, Raipur (C.G.), Through its Managing Director, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR PROPOSED PETITIONER :** General Public/ Prospective Bidders

**CAVEAT APPLICATION**
**UNDER RULE 142 OF HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES READ WITH SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE**

The applicant/ caveator most respectfully state as under :-

1. That, the caveator is a Government of Chhattisgarh Undertaking, registered under the Companies Act, 1956 with the object of developing and to assist in development of industrial growth centers/ industrial areas within the State of Chhattisgarh.
2. That, in order to carry on integrated development/ upgradation works in specialized industrial parks/ areas, the caveator Corporation issues Notice Inviting Tender (NIT) for carrying out the development/ upgradation work in various industrial areas/ industrial parks.

That, in furtherance of this, the Caveator Corporation has, vide NIT No. 12 CSIDC /EE/Div-II Online System No. 159886 has invited bids for "Up-gradation of BT Roads & RCC Surface Drain at Industrial Area Rawabhata, Raipur (C.G.)

3. That, the caveator reasonably apprehends that such persons from general public, who may be interested to participate in tender, may file writ petitions before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh at Bilaspur challenging the said aforementioned NIT issued by the Caveator Corporation and may also seek interim relief to stay the further effect and operation of the said NIT.
4. That, therefore, in case, any interim relief or order, is granted in favour of the present non- caveators/ proposed petitioners, staying the effect and operation of the said NIT, the same shall adversely affect the tender process and consequently the development process being carried out by the Caveator Corporation. Therefore, the caveator corporation/ proposed respondent may kindly be granted opportunity of being heard before passing any order/ interim order by this Hon'ble Court.

**PARYER**

It is therefore, prayed that the caveat be taken on record and further this Hon'ble Court be pleased to hear the Caveator Corporation before passing any order/ interim order or direction in such petitions which are likely to be filed by such persons from general public challenging the above mentioned NIT issued by the Caveator Corporation.

**ADDRESS FOR SERVICE OF NOTICE ON CAVEATOR**

1. Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited, Raipur (C.G.), Through its Managing Director, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)
2. Ayaz Naved, Advocate, High Court, L-10/ 289, behind Ram Mandir, Rama Valley, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

**BILASPUR**
**DATE:**
S-42071/1

**(AYAZ NAVED)**
**COUNSEL FOR CAVEATOR**

## बॉम्बे उच्च न्यायालय के समक्ष सामान्य मूल सिविल अधिकारी क्षेत्र वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन (एल) क्रं 9079/2023

**मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 11(5) के प्रकरण में मध्यस्थ की नियुक्ति हेतु**

**पतंजलि फूड्स लिमिटेड,**
**पब्लिक लिमिटेड कंपनी,**
CIN: L15140MH1986PLC038536
अन्य नाम मेसर्स रूचि सोया इंडस्ट्रीज,
**पंजीकृत कार्यालय**
601, पार्ट-बी, मेट्रो टॉवर, विजय नगर, इंदौर 452010, मध्यप्रदेश
**अधिकृत व्यक्ति द्वारा**
**विरेन्द्र मंडोवारा**
धर्म-हिंदू, लिंग-पुरूष, भारतीय निवासी,
आयु-57 वर्ष, कार्य-सर्विस
संपर्क नं -92296 98662
ईमेल आईडी- info@patanjalifoods.co.in
....आपीलार्थी

**विरूद्ध**

**1. एसकेजी सोलवेक्स लिमिटेड**
ए पब्लिक लिमिटेड कंपनी
CIN: U15143MP1982PLC002003
**पंजीकृत कार्यालय**
एबी रोड, कसमोडा, गुना -473001 (म.प्र.)
ईमेल-skgsolvex@gmail.com,
shashankmoghe@hotmail.com

**2. धीरज कुमार जैन,**
डायरेक्टर/प्रतिवादी क्रं. 1 के
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
धर्म-हिंदू, लिंग-पुरूष, भारतीय निवासी,
आयु-ज्ञात नहीं, कार्य-धंधा
पंजीकृत कार्यालय
23, साउथ एवेन्यु, चौबे कॉलोनी, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़

**3. बबीता सेनगुप्ता**
**डायरेक्टर/प्रतिवादी क्रं. 1 के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
धर्म-हिंदू, लिंग-महिला, भारतीय निवासी,
आयु-ज्ञात नहीं, कार्य-बिजनेस
**पंजीकृत कार्यालय**
प्लाट नं 68, गोरखा कॉलोनी, न्यू शांति नगर, नाला पास, शंकर नगर, रायपुर
छत्तीसगढ़, भारत 492001

**4. लून करन जैन,**
**डायरेक्टर/प्रतिवादी क्रं. 1 के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
धर्म-हिंदू, लिंग-पुरूष, भारतीय निवासी,
आयु-ज्ञात नहीं, कार्य-धंधा
**पंजीकृत कार्यालय**
23, साउथ एवेन्यु, चौबे कॉलोनी, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ ..................प्रतिवादी

प्रति,
1. बबीता सेनगुप्ता ................प्रतिवादी क्रं. 3

### लोक सूचना

मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 11(5) के तहत वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन, आवेदक और प्रतिवादी क्रं. 1 कंपनी के बीच विवाद पर मध्यस्थता करने के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए दायर किया गया है एवं प्रतिवादी क्रं 1 कंपनी जॉब प्रोसेस अनुबंध दिनांक 06.10.2007 के संदर्भ में, सहपठित बंधक/दृष्टिबंधक अनुबंध दिनांक 29.12.2007 अग्रिम भुगतान रू. 3,25,00,000.00 के लिए, सहपठित अनुबंध दिनांक 26.11.2008 अग्रिम भुगतान रू.10,00,000.00 के लिए, सहपठित पूरक अनुबंध दिनांक 11.12.2008 अतिरिक्त ऋण राशि रू..17,87,301.00 के लिए। उपरोक्त अनुबंधों के अनुसार कुल देय एवं भुगतान की कुल राशि रू 10,90,25,201.00 है, साथ ही 14 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज भी (दिनांक 04.03.2023 तक के अनुसार) दिनांक 29.12.2007 के समझौते में निम्नलिखित मध्यस्थता कंडिका भी शामिल हैः-

''10. इस समझौते से संबंधित किसी भी मामले पर पक्षो के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने पर, उसे मध्यस्थता हेतु भेजा जाएगा व ऋणदाता और उधारकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से एक मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। मध्यस्थता कार्यवाही मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों द्वारा शासित होगी, और मध्यस्थ का कोई भी निर्णय अंतिम होगा और पक्षों पर बाध्यकारी होगा।मध्यस्थता कार्यवाही बॉम्बे में होगी। इसके अतिरिक्त इस बात पर भी सहमति हुई कि यदि कोई विवाद होता है तो केवल बॉम्बे न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा'' इसी की तरह, अनुबंध दिनांक 26.11.2008 में भी मध्यस्थता के शर्त निहित है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

''9. इस समझौते से संबंधित किसी भी मामले पर पक्षो के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने पर, उसे मध्यस्थता हेतु भेजा जाएगा व ऋणदाता और उधारकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से एक मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। मध्यस्थता कार्यवाही मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों द्वारा शासित होगी, और मध्यस्थ का कोई भी निर्णय अंतिम होगा और पक्षों पर बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता कार्यवाही बॉम्बे में होगी। इसके अतिरिक्त इस बात पर भी सहमति हुई कि यदि कोई विवाद होता है तो केवल बॉम्बे न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा'' आगे इसी प्रकार, अनुबंध दिनांक 11.12.2008 में भी मध्यस्थता के शर्त निहित है संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

''9. इस समझौते से संबंधित किसी भी मामले पर पक्षो के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने पर, उसे मध्यस्थता हेतु भेजा जाएगा व ऋणदाता और उधारकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से एक मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। मध्यस्थता कार्यवाही मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों द्वारा शासित होगी, और मध्यस्थ का कोई भी निर्णय अंतिम होगा और पक्षों पर बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता कार्यवाही बॉम्बे में होगी।''

वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन में निम्नलिखित प्रार्थनाएं मांगी गई हैः-

अ. यह कि माननीय न्यायालय एक मध्यस्थ नियुक्त करने की कृपा करे, जिसका मध्यस्थता केंद्र मुंबई होगा एवं लागत पक्षों द्वारा समान रूप से वहन की जावेगीः
ब. आवेदन की लागत प्रदान की जावेः
स. प्रकरण की प्रकृति और परिस्थितियों के देखते हुए अतिरिक्त अन्य उचित राहत की आवश्यकताः

वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन की एक प्रति सभी अनुलग्नकों के साथ प्रतिवादी क्रं 3 /बबीता सेनगुप्ता को उनके पते पर, स्पीड पोस्ट व ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने के प्रयास किए गये परन्तु सभी प्रयास विफल रहे। माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा अपने ओदश दिनांक 28.10.2024 के माध्यम से दिनांक 25.09.2024 एवं 03.10.2024 को प्रतिवादी क्रं. 3 पर अन्यत्र सेवा के लिए अंतरिम आवेदन (एल) क्रं. 22406/2024 को अनुमति देने व दिनांक 15.11.2024 को या उससे पहले सेवा का शपथ पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी है और दिनांक 29.11.2024 को प्रकरण में वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन की सुनवाई के लिए तय किया है। बबीता सेनगुप्ता या बबीता सेनगुप्ता की ओर अन्य कोई व्यक्ति उपर्युक्त वाणिज्यिक मध्यस्थता आवेदन का विरोध करने का इच्छुक है तो हमे लॉ चेम्बर, सिद्धार्थ मुर्राका, 2/4, प्रथम क्रॉस ओल्ड हनुमान लेन, तीसरी मंजिल, कल्बादेवी रोड, मुम्बई-400002 या ईमेल पते contact@ siddharthmurarka. lawyer पर आवेदन की प्रति हेतु।

आगे, कृपया यह ध्यान रखे कि उपर्युक्त आवेदन दिनांक 29.11.2024 को सुनवाई हेतु नियत रहेगा, बबीता सेनगुप्ता या अन्य इच्छुक व्यक्ति बबीता सेनगुप्ता के ओर से स्वंय न्यायालय के समक्ष या अपने अधिवक्ता की ओर से उपस्थित होने का कष्ट करें। यदि वह न्यायालय के समक्ष आगामी सुनवाई में उपस्थित होने में असमर्थ रहता है तो न्यायालय प्रकरण की सुनवाई गुणवत्ता के आधार पर करते हुए उचित आदेश मध्यस्थ की नियुक्ति करते हुए पारित करेगा।

आज दिनांक 12.11.2024

**लॉ चेम्बर ऑफ सिद्धार्थ मुर्राका,अधिवक्ता,**
**उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय,**
**अधिवक्ता तर्फे वादी**
**ENRLMAH-LF/623/2023**
**ओ.एस. कोड.10032, अधिवक्ता कोड I29279**
**2/4, प्रथम क्रॉस ओल्ड हनुमान लेन, तीसरी मंजिल, कल्बादेवी रोड, मुम्बई-400002**
**ईमेल पता -contact@siddharthmurarka.lawyer**

## खबर संक्षेप

### जायडस लाइफसाइंसेज का लाभ 13.8% बढ़ा

Zydus Dedicated To Life

**नई दिल्ली।** जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.8 प्रतिशत बढ़कर 911.2 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में शुद्ध मुनाफा 800.7 करोड़ रुपये रहा था। जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, एकीकृत परिचालन आय 5,237 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,368.8 करोड़ रुपये थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक शर्विल पटेल ने कहा, ''हमारे व्यवसायों में निरंतर वृद्धि की गति तथा बढ़ी हुई लाभप्रदता ने हमारे दूसरी तिमाही के मजबूत प्रदर्शन को बढ़ावा दिया है।''

### लेलैंड ने मप्र. ग्रामीण बैंक के साथ किया समझौता




**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड ने ग्राहकों को वाहन ऋण उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंगलवार को घोषणा की। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा, यह साझेदारी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप सुविधाजनक मासिक पुनर्भुगतान योजनाओं के साथ वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) कारोबार के प्रमुख विप्लव शाह ने कहा कि कंपनी का ध्यान ग्राहक अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

# एआई में निवेश बढ़ा, पर सिर्फ 39% कंपनियां हमले से निपटने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कंपनियां सक्रिय रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) का फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं और इसमें उनका निवेश भी बढ़ रहा है। इसके बावजूद सिर्फ 39 प्रतिशत कंपनियां ही रैनसमवेयर हमले से निपटने के लिए तैयार हैं। देश के साइबर सुरक्षा परिदृश्य में गंभीर संवेदनशीलता को उजागर करते हुए साइबर सुरक्षा कंपनी 'सोफोस' ने मंगलवार को एक रिपोर्ट 'एशिया प्रशांत तथा जापान में भागीदारों के लिए साइबर सुरक्षा प्लेबुक' जारी की। रिपोर्ट में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की तत्काल जरूरत पर बल दिया गया है, क्योंकि संगठनों को तेजी से बढ़ते साइबर खतरों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न खतरों का..।

## साइबर सुरक्षा कंपनी सोफोस ने जारी की रिपोर्ट

### 44 फीसदी ने सुरक्षा मानकों को पूरा किया

रिपोर्ट में कहा गया, ''केवल 49 प्रतिशत ने सुरक्षा परिपक्वता ढांचे स्थापित किए हैं और 44 प्रतिशत ने सुरक्षा मानकों को पूरा करने की जानकारी दी। इसके अलावा केवल 39 प्रतिशत ही रैनसमवेयर हमले का सामना करने के लिए तैयार हैं, जो मजबूत साइबर सुरक्षा प्रगति की निरंतर आवश्यकता को रेखांकित करता है।''




### रैनसमवेयर फाइल एन्क्रिप्ट करता है

'रैनसमवेयर' एक सॉफ्टवेयर जिसके जरिये किसी भी कंप्यूटर प्रणाली की फाइल को 'एन्क्रिप्ट' (सूचना को कोड में परिवर्तित करना) कर दिया जाता है और 'डिक्रिप्ट' करने (कोड हटाने) के लिए पैसे मांगे जाते हैं। रिपोर्ट जुलाई 2024 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया, फिलिपीन और सिंगापुर की 900 कंपनियों में किए सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें से 200 भारत की कंपनियां थीं।

### 70 फीसदी ने क्लाउड सुरक्षा लागू की

इसके निष्कर्षों में पाया गया सर्वेक्षण में शामिल 70 प्रतिशत भारतीय संगठनों ने 'क्लाउड' सुरक्षा रणनीतियों को लागू किया है और आधे से अधिक एआई-संचालित सुरक्षा उपायों में निवेश कर रहे हैं। फिर भी समग्र तैयारियों में एक महत्वपूर्ण अंतर बना हुआ है। साइबर सुरक्षा में एआई की दोहरी प्रकृति पर भारत में सोफोस के बिक्री उपाध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि उद्यम एआई को एक शक्तिशाली सहयोगी तथा एक संभावित खतरे के रूप में गंभीरता से ले रहे हैं।

## केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने दी जानकारी

# स्टारलिंक ने अभी तक सैटकॉम लाइसेंस के सुरक्षा मानदंडों को पूरा नहीं किया


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक ने अभी तक सुरक्षा मानदंडों को पूरा नहीं किया है। सिंधिया ने कहा कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस तभी जारी किया जाएगा जब कंपनी भारत में सेवाओं के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी। मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदाता सभी आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें लाइसेंस मिल जाएगा।

- सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने पर ही दिया जाएगा लाइसेंस

**खास बातें**

- फिलहाल सरकार ने जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को लाइसेंस जारी किया
- ट्राई 15 दिसंबर तक स्पेक्ट्रम आवंटन की सिफारिशों को अंतिम रूप देगा



### स्टारलिंक को प्रक्रिया पूर्ण करने पर मिलेगा लाइसेंस

सिंधिया ने पत्रकारों से कहा, ''उन्हें (स्टारलिंक को) लाइसेंस हासिल करने के लिए सभी नियमों का पालन करना होगा। आपको इसे सुरक्षा के नजरिये से भी देखना होगा। वे ऐसा करने की प्रक्रिया में हैं। एक बार सभी आवश्यकताएं पूरी हो जाने पर उन्हें लाइसेंस मिल जाएगा।''

### स्टारलिंग के लाइसेंस प्रगति पर पूछा गया

स्टारलिंक के लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया की प्रगति पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। फिलहाल सरकार ने भारती समूह समर्थित वनवेब और जियो-एसईएस के संयुक्त उद्यम जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को लाइसेंस जारी किया है।

### दोनों कंपनियों का परिचालन अभी तक शुरू नहीं

दोनों कंपनियों ने अभी तक अपना परिचालन शुरू नहीं किया है, क्योंकि वे स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) 15 दिसंबर तक उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन से संबंधित प्रस्तावित नियमों पर अपनी सिफारिश को अंतिम रूप दे सकता है।

### सरकार ट्राई की सिफारिशों का मूल्यांकन करेगी

सरकार ट्राई की सिफारिशों का मूल्यांकन करेगी और उसके बाद उपग्रह संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने का फैसला करेगी। इसके बाद देश में उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड सेवाओं का रास्ता साफ हो जाएगा।

### पिछले ढाई साल में दूरसंचार क्षेत्र को जबर्दस्त बढ़ावा

वोडाफोन आइडिया के 24,700 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी माफ करने के अनुरोध के बारे में पूछने पर सिंधिया ने कहा कि सरकार किसी खास कंपनी को ध्यान में रखकर कोई फैसला नहीं करेगी, बल्कि इस बात पर विचार करेगी कि उसके फैसले का पूरे क्षेत्र पर प्रभाव पड़ेगा। वीआईएल में सरकार की करीब 23 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मंत्री ने कहा कि पिछले ढाई साल में दूरसंचार क्षेत्र को जबर्दस्त बढ़ावा मिला है।

### सरकार सबकी बात सुनकर फैसला करेगी

ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार ऐप - जैसे व्हाट्सएप, गूगल मीट, जूम आदि के साथ राजस्व हिस्सेदारी साझा करने के लिए दूरसंचार परिचालकों की मांग पर मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक सलाहकार समिति का गठन किया है, और बातचीत अभी शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार सबकी बात सुनकर कोई फैसला करेगी।

# औद्योगिक उत्पादन में 3.1 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) सितंबर में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है। खनन, विनिर्माण और बिजली उत्पादन में सुधार से औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सितंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि, इस साल अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी जिसकी मुख्य वजह देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के कारण खनन कार्य प्रभावित होना था।

- खनन, विनिर्माण, बिजली क्षेत्र का सितंबर में रहा बेहतर परिणाम

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2024 में खनन क्षेत्र का उत्पादन 0.2 प्रतिशत, विनिर्माण उत्पादन 3.9 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। अगस्त में खनन क्षेत्र का उत्पादन 4.3 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 3.7 प्रतिशत घटा था, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी सिर्फ 1.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ के बयान के अनुसार, ''सितंबर, 2024 के लिए आईआईपी वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रही है, जबकि अगस्त, 2024 में औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था।'' चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

एनएसओ द्वारा जारी उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि सितंबर 2024 में घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.4 प्रतिशत थी। उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन सितंबर, 2023 के 2.7 प्रतिशत के मुकाबले इस साल सितंबर माह में दो प्रतिशत बढ़ा है।



### उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 6.5 फीसदी की वृद्धि

वहीं समीक्षाधीन माह में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा, जो सितंबर, 2023 में एक प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं के उत्पादन में सितंबर, 2024 में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज गई, जो एक साल पहले की समान अवधि के 10.1 प्रतिशत के आंकड़े से काफी कम है।

# आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 'डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद' का शुभारंभ आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कदम बढ़ाते हुए, राज्य का पहला आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 'डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल' का उद्घाटन आज कमल विहार, रायपुर में किया जाएगा। यह 20 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल है। यहां पेन, पाइल्स, पंचकर्म, पीडिया, गायनी व स्किन संबंधी समस्त रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी, साथ ही फिजियोथेरेपी की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अभिमन्यु साहू ने बताया कि लंबे समय से छत्तीसगढ़ में एक आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि आयुर्वेदिक इलाज के लिए मरीजों को अक्सर राज्य से बाहर जाना पड़ता था। अब इस नए अस्पताल के खुलने से प्रदेशवासियों को इस तरह की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी।

इस अस्पताल में प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे पंचकर्म, शिरोधारा, क्षारसूत्र, और लेजर उपचार की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। यहां डीलक्स रूम, प्राइवेट रूम, सेमी प्राइवेट रूम, पैथ लैब, माइनर ऑपरेशन थिएटर और मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल 24x7 मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा।

### प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज की सुविधा




### उद्घाटन सीएम साय करेंगे

अस्पताल के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री अरुण साव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अन्य विधायकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

# पहली छमाही में सरकारी बैंकों का मजबूत प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### मुनाफा 26 प्रतिशत बढ़ा, एनपीए घटा : वित्त मंत्रालय

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान सरकारी बैंकों के शुद्ध लाभ में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा उनका कारोबार भी बढ़ा है जबकि गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में गिरावट आई है। भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों का कुल कारोबार अप्रैल-सितंबर के दौरान 236.04 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

- सभी पीएसयू बैंकों का कुल कारोबार 236 करोड़ रुपए रहा




वित्त वर्ष 2024-25 के पहले छह महीनों के दौरान उनके ऋण में सालाना आधार पर 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 102.29 लाख करोड़ रुपये रहा। इस दौरान सरकारी बैंकों का जमा पोर्टफोलियो 9.5 प्रतिशत बढ़कर 133.75 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### परिचालन लाभ सालाना आधार पर 1,50,023 करोड़

समीक्षाधीन अवधि में बैंकों का परिचालन लाभ सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 1,50,023 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध लाभ 25.6 प्रतिशत बढ़कर 85,520 करोड़ रुपये रहा। सितंबर, 2024 में बैंकों का सकल और शुद्ध एनपीए क्रमशः 3.12 प्रतिशत और 0.63 प्रतिशत रहा। इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 1.08 प्रतिशत और 0.34 प्रतिशत की कमी आई।

### हुंडई का लाभ 16 प्रतिशत घटकर 1,375 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 16 प्रतिशत घटकर 1,375 करोड़ रुपये रहा है।

# सुस्त मांग से सोना 1,750 रुपए टूटा, चांदी 2,700 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को आभूषण विक्रेताओं की सुस्त मांग और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण सोने, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,750 रुपये की गिरावट के साथ 77,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 2,700 रुपये की गिरावट के साथ 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,750 रुपये गिरकर 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोमवार को सोने की कीमत 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''डॉलर इंडेक्स में मजबूती के कारण कॉमेक्स पर कीमतें 2,600 डॉलर से नीचे बनी रहीं, जिससे सोने पर दबाव बना रहा। एमसीएक्स में सोना गिरकर 10 अक्टूबर के बाद पहली बार 75,000 रुपये से नीचे आ गया।'' त्रिवेदी ने कहा, ''मौजूदा गिरावट का रुझान बताता है कि आगे भी कमजोरी बनी रह सकती है।

- कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण सराफा में रही गिरावट



### ट्रंप की जीत से सोने में गिरावट जारी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से आर्थिक आशावाद को बढ़ावा मिलने के बीच मंगलवार को सोने में गिरावट जारी रही, जिससे डॉलर में तेजी आई।'' एशियाई बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 30.43 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR, CHHATTISGARH**

I.A. NO..................../2024
IN
CAVEAT APPLICATION NO................../2024
WRIT PETITION (C) NO............. /2024

**CAVEATOR PROPOSED RESPONDENT:** Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited, Raipur (C.G.), Through its Managing Director, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR PROPOSED PETITIONER :** General Public/ Prospective Bidders

**CAVEAT APPLICATION**
**UNDER RULE 142 OF HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES READ WITH SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE**

The applicant/ caveator most respectfully state as under :-

1. That, the caveator is a Government of Chhattisgarh Undertaking, registered under the Companies Act, 1956 with the object of developing and to assist in development of industrial growth centers/ industrial areas within the State of Chhattisgarh.
2. That, in order to carry on integrated development/ upgradation works in specialized industrial parks/ areas, the caveator Corporation issues Notice Inviting Tender (NIT) for carrying out the development/ upgradation work in various industrial areas/ industrial parks.

That, in furtherance of this, the Caveator Corporation has, videNIT No. 11 CSIDC /EE/Div-IV Online System No. 159885 has invited bids for "Up-gradation of Infrastructure like B.T. Roads, R.C.C. Drain, and LED Street Light etc. at Industrial Area Engineering Park Bhilai Distt.- Durg (C.G.)"

3. That, the caveator reasonably apprehends that such persons from general public, who may be interested to participate in tender, may file writ petitions before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh at Bilaspur challenging the said aforementioned NIT issued by the Caveator Corporation and may also seek interim relief to stay the further effect and operation of the said NIT.
4. That, therefore, in case, any interim relief or order, is granted in favour of the present non- caveators/ proposed petitioners, staying the effect and operation of the said NIT, the same shall adversely affect the tender process and consequently the development process being carried out by the Caveator Corporation. Therefore, the caveator corporation/ proposed respondent may kindly be granted opportunity of being heard before passing any order/ interim order by this Hon'ble Court.

**PARYER**

It is therefore, prayed that the caveat be taken on record and further this Hon'ble Court be pleased to hear the Caveator Corporation before passing any order/ interim order or direction in such petitions which are likely to be filed by such persons from general public challenging the above mentioned NIT issued by the Caveator Corporation.

**ADDRESS FOR SERVICE OF NOTICE ON CAVEATOR**

1. Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited, Raipur (C.G.), Through its Managing Director, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)
2. Ayaz Naved, Advocate, High Court, L-10/ 289, behind Ram Mandir, Rama Valley, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

BILASPUR
DATE:

(AYAZ NAVED)
COUNSEL FOR CAVEATOR

S-42064/2

**बिजनेस साइट**

# कल्याण ज्वेलर्स का अभूतपूर्व विस्तार, खोला नया शोरूम

**रायपुर।** कल्याण ज्वेलर्स का प्रमुख लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड, केनडियर ने बिलासपुर में अपना नया शोरूम खोला है। यह शोरूम शहर के अग्रसेन चौक, तालापारा में स्थित है और केनडियर का भारत में 44वां आउटलेट है। केनडियर का आभूषण संग्रह हल्के और समकालीन डिजाइनों के लिए प्रसिद्ध है, जिसे खासतौर पर जेन ज़ेड, कामकाजी महिलाओं और फैशन-संवेदनशील पुरुषों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन आभूषणों की कीमतें 10,000 रुपए से शुरू होती हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त और किफायती विकल्प प्रदान करती हैं। हर आभूषण को आज के सौंदर्य और कीमत के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है, जिससे ग्राहक अपने व्यक्तिगत स्टाइल के अनुरूप आभूषण आसानी से चुन सकते हैं।



### सॉलिटेयर प्रेमियों को 30 फीसदी तक छूट

इस नए शोरूम के लॉन्च के अवसर पर केनडियर ने विशेष ऑफर की घोषणा की है, जिसमें ग्राहकों को सोने, हीरे और प्लेटिनम के मेकिंग चार्ज पर भारी छूट मिल रही है। इसके अलावा सॉलिटेयर प्रेमियों के लिए 30 प्रतिशत तक की छूट भी उपलब्ध है।

# श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'अरण्य लेक श्योर सिटी' की लॉंचिंग 17 को

**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'अरण्य लेक श्योर सिटी' की भव्य लॉंचिंग रविवार, 17 नवम्बर को बहनाकाड़ी रायपुर में होने जा रही है। इस अवसर पर श्री स्वास्तिक ग्रुप अपने ग्राहकों को सीमित संख्या में आवासीय प्लॉट्स उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट में निवेश करने पर ग्राहक न केवल अपने सपनों का घर बना सकेंगे, बल्कि विशेष लकी ड्रा में शामिल होकर हुंडई कार जीतने का भी अवसर पा सकते हैं। साथ ही लॉन्चिंग ऑफर के तहत स्पेशल रेट्स और बुकिंग पर आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि यह प्रोजेक्ट नया और पुराना रायपुर शहर के मध्य स्थित बहनाकाड़ी क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। इसमें 600, 1000, 1250, और 1500 वर्गफुट के आवासीय प्लॉट उपलब्ध होंगे। इस प्रोजेक्ट में कई नई विशेषताएं और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिनमें क्लब हाउस, जिम, स्वीमिंग पूल, मंदिर, इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाएं, बच्चों के खेलने का क्षेत्र आदि शामिल हैं। साथ ही सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे प्रवेश द्वार, लैंडस्केप गार्डन, कंक्रीट सड़कें, बाउंड्रीवॉल, अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम, पानी की आपूर्ति और 24 घंटे की सिक्योरिटी भी प्रदान की जाएगी। यह प्रोजेक्ट संबंधित सरकारी विभागों से अनुमोदित है और रेरा में रजिस्ट्रर्ड है। इसके साथ ही, इसमें निवेश करने वालों को विभिन्न बैंकों से फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी।



# ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का खुमार, मीडिया में छाए विराट और यशस्वी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 21 नवंबर से होने जा रहा है। पहला टेस्ट पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम वहां पहुंच गई है। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल का खुमार छा गया है। यही कारण है कि वहां के अखबार में आश्यर्चजनक रूप से कोहली और जायसवाल की पोस्टर तस्वीरों के साथ हिंदी और पंजाबी में खबरें प्रकाशित की है।




## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने दिया बेहतरीन कवरेज

ऑस्ट्रेलियाई अखबार द एडवर्टाइजर ने कोहली की पोस्टर तस्वीर के साथ कॉलम लिखा कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नई एशेज क्यों है। इसी तरह अखबार ने जायसवाल और ऋषभ पंत से जुड़ी खबरों को भी प्रमुखता से कवर किया है। पहले पन्ने पर कोहली की तस्वीर के साथ हिंदी में 'युगों की लड़ाई' हैडिंग दिया है। इसी तरह एक अलग लेख में जायसवाल की तस्वीर के साथ पंजाबी भाषा में 'नवम राजा' यानि नया राजा हैडिंग दिया है।

## 5 मैचों की खेली जाएगी सीरीज

इस बार लम्बे समय के बाद बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट खेले जाएंगे। बता दें कि आखिरी बार दोनों देशों के बीच 5 मैचों की सीरीज 1991-92 में खेली गई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 4-0 से जीता था। पिछले दौरे में कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 को 2-1 से अपने नाम किया था। यह सिर्फ दूसरा ऐसा मौका था जब भारत ने ऑस्ट्रेलियाई जमीं पर टेस्ट सीरीज अपने नाम की थी।

# बेन स्टोक्स ने मेगा नीलामी से वापस लिया नाम

मुंबई। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने सबको चौंकाते हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मेगा नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया है। अब नए नियम के अनुसार स्टोक्स आईपीएल 2026 का भी हिस्सा नहीं होंगे। स्टोक्स अपना पूरा ध्यान इंग्लैंड क्रिकेट के लिए लगाना चाहते हैं। अगले साल के एशेज सीरीज को देखते हुए स्टोक्स चाहते हैं कि वह कोई भी टी-20 लीग नहीं खेलें।

**क्या कहते हैं आईपीएल के नियम**

कई विदेशी खिलाड़ी मेगा नीलामी को छोड़कर बड़ी रकम हासिल करने के लिए मिनी नीलामी में भाग लेने का विकल्प देखते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नए नियम के अनुसार सभी विदेशी खिलाड़ियों को इस साल की मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराना था, ऐसा ना करने पर वे अगले साल की मिनी




नीलामी के लिए अयोग्य होंगे। इसी कारण स्टोक्स आईपीएल 2026 में भी खेलते हुए नहीं नजर आएंगे। उन्होंने इस साल अपना नाम नहीं दिया है।

**जेम्स एंडरसन भी नीलामी में आएंगे नजर**

इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भी आईपीएल नीलामी में अपना नाम दिया है। 42 साल के इस खिलाड़ी ने खुद को 1.25 करोड़ रुपये की बेस प्राइस में रजिस्टर कराया है। फाइनल सूची में एंडरसन का नाम होगा या नहीं ये देखने वाली बात होगी, क्योंकि 220 खिलाड़ियों को ही खरीदा जाएगा। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क रहे हैं। उन्हें 24.50 करोड़ रुपये में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा था।

**किस देश के कितने खिलाड़ी होंगे नीलामी का हिस्सा?**

जिम्बाब्वे के 8, वेस्टइंडीज के 33, यूएसएस के 10, यूएई के 1, श्रीलंका के 29, दक्षिण अफ्रीका के 91, स्कॉटलैंड के 2, न्यूजीलैंड के 39, नीदरलैंड के 12, इटली के 1, आयरलैंड के 9, इंग्लैंड के 52, कानाडा के 4, बांग्लादेश के 13, ऑस्ट्रेलिया के 76 और अफगानिस्तान के 29 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा होंगे।

## खबर संक्षेप



### त्रीशा-गायत्री की जोड़ी कुमामोतो मास्टर्स जापान के पहले दौर में हारी

**कुमामोतो।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय जोड़ी को इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला युगल के पहले दौर में सू यिन हुई और लिन यिन हुई की 24वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 36 मिनट में 16-21, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय जोड़ी की सू और लिन के खिलाफ तीन मैच में यह पहली हार है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों बुधवार को अपना अभियान शुरू करेंगे।

### शमी की मप्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे

**कोलकाता।** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की।



पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा। बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा, ''भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।

### पीएम ने दी पंकज आडवाणी को विश्व खिताब जीतने पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियडर्स चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक 28वां खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि भावी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।



आडवाणी का यह रिकॉर्ड सातवां खिताब है। उन्होंने शनिवार को इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया। मोदी ने एक्स पर लिखा शानदार उपलब्धि। आपको बधाई। आपकी प्रतिबद्धता, लगन और समर्पण बेहतरीन है। आपने समय समय पर दिखाया है कि उत्कृष्टता क्या होती है।'' उन्होंने लिखा ,'' आपकी सफलता से भावी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

**दोनों ही टीमें 1-1 से हैं बराबरी पर,** मैच सुपरस्पोर्ट पार्क सेंचुरियन में रात 8.30 बजे से

# भारत-द.अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज जीतने महामुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच तीसरा टी-20 मैच आज 13 नवंबर को खेला जाएगा। इस समय सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम बढ़त लेने की कोशिश करेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम किसी भी हालत में सीरीज जीतने जी-जान लगा देगी।

अब तक सीरीज में 2 मुकाबले खेले गए हैं। पहले मैच में भारतीय टीम को 61 रन से जीत मिली थी। दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने 3 विकेट से अपने नाम किया था। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच आज भारतीय समयानुसार 8.30 बजे से सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारत ने अपने इकलौते टी-20 में शिकस्त झेली थी।

## भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2006 में खेला गया था। अब तक दोनों टीमों के बीच 29 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 12 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 16 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं। एक मैच बेनतीजा भी रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत को 7 टी-20 मैच में जीत और 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।




## मार्करम आना चाहेंगे फॉर्म में, गेराल्ड का बेहतर प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की टीम से कप्तान एडेन मार्करम अब तक सीरीज में नाकाम रहे हैं। उन्होंने दोनों पारियों में क्रमशः 8 और 3 रन के स्कोर किए थे। वह फॉर्म में वापसी करने का प्रयास करेंगे। गेराल्ड कोएट्जी ने दोनों टी-20 में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अपनी फॉर्म बरकरार रखना चाहेंगे। संभावित एकादशः रीजा हेंड्रिक्स, रयान रिकेलटन, एडेन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, मार्को येंसन, एंडिले सिमलेन, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज और नकाबायोमजी पीटर।

**इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें**

बता दें कि वरुण चक्रवर्ती ने दूसरे टी-20 मैच में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने सीरीज के पहले मुकाबले में भी 3 सफलताएं हासिल की थी। वह एक बार फिर विपक्षी गेंदबाजों की कठिन परीक्षा लेते हुए नजर आएंगे। स्टब्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 47 रन बनाए थे। कोएट्जे ने गेंदबाजी में 1 विकेट लिया था और उसके बाद बल्लेबाजी में 9 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाए थे।

## दोनों टीमों का इस मैदान पर कैसा रहा है प्रदर्शन

भारतीय टीम इस मैदान पर सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेली है। उस मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैदान पर पहला टी-20 मुकाबला साल 2009 में खेला था। उसने अब तक यहां 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। 6 मैच में टीम को जीत मिली है और 8 मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इस मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 259 रन रहा है।

## सेंचुरियन की पिच बल्लेबाजों की मददगार

सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच पर बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में यहां लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है। गेंदबाजों को यहां सफल होने के लिए अपनी गेंदों में विविधता लाना जरूरी होता है। शुरुआत के ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलती है। स्पिन गेंदबाजों को यहां ज्यादा मदद नहीं मिलती है। अगर बल्लेबाज पूरी तरह से अपनी नजरें जमाने में कामयाब हो गया तो उसे आउट करना मुश्किल होता है।

महिला एशियाई चैम्पिंयस ट्रॉफी

# भारत ने द. कोरिया को 3-2 से हराया




एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारत ने मंगलवार को यहां दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर महिलाओं की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम ने पहले हाफ में संगीता कुमारी और दीपिका के गोल की मदद से 2-0 से बढ़त बनाई हुई थी।

क्वार्टर में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए युरी ली और कप्तान युनबी चियोन के गोल से 2-2 से बराबरी हासिल की। पर मेजबान टीम के लिए दीपिका ने 57वें मिनट में गोल कर जीत सुनिश्चित की। भारत ने सोमवार को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मलेशिया को 4-0 से मात दी थी। मेजबान टीम अब बृहस्पतिवार को थाईलैंड से भिड़ेगी।

## अन्य मैचों के ऐसे रहे परिणाम

दिन के पहले मैच में थाईलैंड और जापान ने 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने मलेशिया को 5-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी-20 कल से

**नई दिल्ली।** द. अफ्रीका क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच तीसरा टी-20 मैच आज 13 नवंबर को खेला जाएगा। इस समय सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम बढ़त लेने की कोशिश करेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम किसी भी हालत में सीरीज जीतने जी-जान लगा देगी। अब तक सीरीज में 2 मुकाबले खेले गए हैं। पहले मैच में भारतीय टीम को 61 रन से जीत मिली थी। दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने 3 विकेट से अपने नाम किया था। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच आज भारतीय समयानुसार 8.30 बजे से सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में खेला जाएगा।

टेनिस

# बोपन्ना और एबडेन एटीपी फाइनल्स में पहले मैच में हारे



एजेंसी ▶▶| तूरिन

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी फाइनल्स ग्रुप चरण के पहले ही मैच में सीधे सेटों में हार गई। बोपन्ना और एबडेन को इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी ने सिर्फ 56 मिनट में 6-2, 6-3 से हराया। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में बोपन्ना और एबडेन ने इसी जोड़ी को हराया था। इस साल बोपन्ना और एबडेन की इस इतालवी जोड़ी के खिलाफ लगातार तीसरी हार है। अब वे बॉब ब्रायन ग्रुप में चौथे स्थान पर हैं।उनका सामना अगले ग्रुप मैच में अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा।

**एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बनाया**

बोलेली और वावासोरी ने शुरूआत से ही दबाव बनाये रखा। आठवें गेम में बोपन्ना और एबडेन की दोहरी गलती का फायदा उठाकर उन्होंने सर्विस तोड़ी और लगातार दबाव बनाये रखा। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही। चौथी बार टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना और एबडेन इतालवी टीम की दमदार सर्विस तोड़ नहीं पाये और एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बनाया।

## अल्काराज को रूड ने हराया, ज्वेरेव भी जीते

**तूरिन (इटली)।** पेट की तकलीफ से जूझने वाले कार्लोस अल्काराज अपने चिर परिचित फॉर्म में नजर नहीं आये और एटीपी फाइनल्स में कैस्पर रूड से 1-6, 5-7 से हार गए। पिछले पांच मुकाबलों में रूड की अल्काराज पर यह पहली जीत है। शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट के नॉकआउट में प्रवेश की अल्काराज की राह अब कठिन हो सकती है। इसी ग्रुप में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आंद्रेइ रूबलेव को 6-4, 6-4 से हराया।



हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। रविवार को शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने एलेक्स डि मिनौर को और टेलर फ्रिट्ज ने दानिल मेदवेदेव को हराया था।

## मुशफिकुर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**ढाका।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी 22 नवंबर से शुरू होने वाले 2 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। राष्ट्रीय चयन पैनल के एक सदस्य ने शुक्रवार की इसकी पुष्टि की है। हालांकि, बीसीबी ने इस झटके के बाद भी अभी तक मुशफिकुर के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। बता दें कि मुशफिकुर के शारजाह में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान विकेटकीपिंग करते समय चोट लगी थी। वह पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे।



**चयनकर्ता बोले- ठीक होने में लगेगा समय**

चयनकर्ता ने क्रिकबज से कहा, वह (मुशफिकुर) वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल रहे हैं, क्योंकि उन्हें ठीक होने में कम से कम एक महीने या उससे अधिक का समय लगेगा। वनडे सीरीज में उनकी उपलब्धता पर फैसला उसकी प्रगति देखने के बाद किया जाएगा।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ : अक्टूबर के लिए पाकिस्तान के नोमान ने जीता पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्पिनर नोमान अली को अक्टूबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा और न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता है। उन्होंने पिछले महिले इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल किया था। महिलाओं में कीवी टीम की अमेलिया केर ने ये पुरस्कार जीता है।

**नोमान ने 2 टेस्ट में लिए थे 20 विकेट**

नोमान ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में कहर बरपाया था। पहले टेस्ट में उन्हें मौका नहीं मिला था।




आखिरी 2 टेस्ट में इस खिलाड़ी ने 13.85 की उम्दा औसत के साथ 20 विकेट झटके थे। पहले टेस्ट की पहली पारी में नोमान ने 3 विकेट और दूसरी पारी में 8 विकेट लिए थे। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में नोमान ने 3 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए थे।

## महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन

केर ने टी-20 विश्व कप 2024 में 6 मुकाबलों में 135 रन बनाए थे। इसके साथ 15 विकेट भी झटके थे। पुरस्कार के लिए नामित हुए लौरा वोल्वार्ड्ट ने टी-20 विश्व कप में 44.60 की शानदार औसत के साथ 223 रन बनाए थे। वह टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। डिआंड्रा डोटिन ने टूर्नामेंट में 162.16 की उम्दा स्ट्राइक रेट के साथ 120 रन बनाए थे। सेमीफाइनल मुकाबले में उनके नाम 4 विकेट भी थे।

**रबाडा और सेंटनर का प्रदर्शन :** रबाडा ने पिछले महीने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्दा गेंदबाजी की थी। उन्होंने 2 मैचों में 14 विकेट लिए थे। सेंटनर ने भारतीय टीम के खिलाफ खेले गए दूसरे टेस्ट में घातक गेंदबाजी की थी। पहली पारी में उन्होंने 19.3 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 53 रन देकर 7 विकेट लिए थे।

विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन

# भवतेग को विश्व विवि निशानेबाजी में स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के युवा स्कीट निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने मंगलवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर देश की झोली में दूसरा स्वर्ण पदक डाला। पलक गुलिया और अमित शर्मा की एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने रविवार को पहला स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा तीन व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीते।

सिमरनप्रीत कौर बराड़ (25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल), यशस्वी राठौड़ (महिला स्कीट) और अभय सिंह सेखों (पुरुष स्कीट)) ने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते। जूनियर वर्ग में चार अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले गिल ने फाइनल में 58 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें साइप्रस के पेट्रोस एंगलज़ौडिस की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। साइप्रस के खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## सेखों ने जीता कांस्य पदक

भारत के एक अन्य निशानेबाज सेखों ने कांस्य पदक जीता। सेखों ने इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में 125 में से 122 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था जबकि गिल ने 119 अंक हासिल कर चौथे स्थान पर रहते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी।

## महिलाओं ने भी दिखाया अपना जलवा

महिलाओं की स्कीट में इटली की जियाडा लोंघी ने स्वर्ण (52) और स्लोवाकिया की एडेला सुपेकोवा ने रजत पदक जबकि यशस्वी राठौड़ ने 38 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में सिमरनप्रीत आठ निशानेबाजों के फाइनल में 30 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। कोरिया की किम मिनेसो (35) और फ्रांस की फोरें हेलोइस (34) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

# सौरमंडल के 8 नहीं, होंगे 9 ग्रह? रहस्य की खोज में जुटे वैज्ञानिक


एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

हमारे सौर मंडल में 8 ग्रह हैं। कभी यह 9 ग्रह था, लेकिन प्लूटो को ग्रहों की लिस्ट से हटा दिया गया। अब एक बार फिर 9वें ग्रह की बात चल रही है।

**कहां है 9वां ग्रह :** खगोलविदों ने सौरमंडल के सबसे बाहरी क्षेत्र में नेपच्यून से परे एक रहस्यम 9वें ग्रह के अस्तित्व का अनुमान लगाया है। यह हमारे ग्रह के द्रव्यमान से पांच से सात गुना ज्यादा द्रव्यमान वाला सुपर अर्थ हो सकता है।

### अस्तित्व की नहीं हो सकी पुष्टि

हर 10 हजार से 20 हजार साल में सूर्य की यह एक परिक्रमा पूरी करता है। इसके अस्तित्व की पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन, सौर मंडल में दूर की वस्तुओं की असामान्य कक्षाएं एक छिपे हुए, विशाल ग्रह के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव का संकेत देती हैं।



### दूरबीन भी नहीं खोज पाई 9वां ग्रह

शोधकर्ताओं ने इस मायावी ग्रह का पता लगाने के लिए विभिन्न दूरबीनों का इस्तेमाल किया है। लेकिन, अभी तक कोई प्रमाण नहीं मिला है। हालांकि, वैज्ञानिक मानते हैं कि यह बहस जल्द ही तैयार होने वाले एक टेलीस्कोप से खत्म हो जाएगी।

### वैज्ञानिकों में मतभेद

कई स्टडी के बावजूद, प्लैनेट नाइन की खोज एक विवादास्पद विषय बना है। कुछ वैज्ञानिक इसके अस्तित्व को मानते हैं। वहीं, कुछ प्रत्यक्ष अवलोकन की कमी का हवाला देते हुए संदेह करते हैं।

### नई दूरबीन देगी सही जवाब

उत्तरी चिली में 8000 फुट ऊंचे पहाड़ पर वेरा सी. रुबिन वेधशाला स्थित है। 2025 के अंत तक इसका संचालन शुरू होगा। इसमें अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा लगा है।

### हर रोज आसमान को करेगा स्कैन

यह दूरबीन हर रोज दृश्यमान आकाश को स्कैन करेगा। यह 9वें ग्रह का पता लगाने या इसके अस्तित्व को खारिज करने का सबसे सही मौका देगा। अगर, प्लैनेट नाइन का अस्तित्व मिलता है तो यह एक अभूतपूर्व खोज होगी।

## इन चीजों से थर-थर कांपते हैं सांप, एक सेकंड भी नहीं कर सकते बर्दाश्त



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भगवान ने दुनिया में कई जीव-जंतु बनाकर भेजे हैं। अगर गौर किया जाए तो हर किसी की अपनी एक अलग इम्पोर्टेंस है। एक फ़ूड साइकिल भी बनाया, जिसमें ये देखा गया कि दुनिया का हर जीव अपने जीवन के लिए दूसरे पर निर्भर करता है। बात अगर जीवों की कर रहे हैं तो इसके कई प्रकार हैं। जितने जीव हमें धरती पर दिखाई देते हैं, उससे कहीं अधिक पानी के अंदर है और कई तो ऐसे हैं जिनके बारे में हमें पता ही नहीं है।

सांप एक ऐसा जीव है, जो रेंगता है। चाहे वो जहरीला हो या ना हो, उसे देखते ही लोगों की जान सूखने लगती है। अगर गलती से सांप से सामना हो जाए तो एक बार के लिए यमराज ही सामने नजर आने लगते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि जिस सांप से हर कोई इतना डरता है, वो सांप भी किसी चीज से डरता है। जी हां, प्रकृति में ऐसी कुछ चीजें हैं, जिससे ये सांप भी डरते हैं।

### गंध जो नहीं कर सकता बर्दाश्त

अपने सामने खतरा देखते ही सांप अटैक के मूड में आ जाता है। ऐसे में कुछ ऐसी चीजों की लिस्ट है, जिससे सांप डरते हैं। अगर उनके नजदीक ये चीजें आ जाएं, तो सांप पलभर में भाग जाते हैं। इसमें कुछ चीजों की गंध शामिल है। यानी कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसकी गंध सांप बर्दाश्त नहीं कर पाते।

### भागते हैं इन चीजों से दूर

एनिमल वेबसाइट एज एनिमल में ऐसी चौदह चीजें मेंशन है, जिससे सांप डरते हैं। इनकी महक मिलते ही सांप वहां से भाग जाते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसमें कुछ चीजें तो आपके घर में ही मौजूद है। इसमें लहसुन और प्याज शामिल है। इनके अलावा सांप पुदीना, लौंग, तुलसी, सिरका, दालचीनी और यहां तक कि नींबू की गंध भी बर्दाश्त नहीं कर पाते। अमोनिया गैस भी सांप को भगाने में कारगर है।

# नाग-नागिन नहीं, असल में ये जीव लेता है इंसान से बदला, 17 साल याद रखता है चोट

*वॉशिंगटन। क्या कोई जानवर किसी इंसान को और उसकी दी हुई तकलीफों को लंबे समय तक याद रख सकता है। भारत में बहुत से लोग शायद इस सवाल का जवाब देने के लिए नाग-नागिन का नाम लें। कम से कम भारतीय किवदंतियों में तो ऐसा ही कहा जाता है कि, लेकिन आज सापों के बारे में लोग काफी जानते हैं और यह भी समझते हैं कि उनके साथ ऐसा नहीं होता है। पर नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया है कि कौओं के साथ ऐसा होता है। वे 5-10 साल नहीं, बल्कि 17 साल तक किसी इंसान और उसकी दी गई तकलीफें याद रख सकते हैं।*

### बुद्धिमान पक्षी मानते हैं हम इसे

जी हां, अगर नए शोध की मानें तो दुनिया में सबसे बुद्धिमान माने जाने वाला कौआ ऐसा करता है। इस अनोखी रिसर्च में यही बात सामने आई है कि कौए बदले की भावना को 17 साल तक पाल कर रखते हैं। यह खोज कौओं की याद रखने की अद्भुत काबिलियत को दिखाने का बढ़िया नमूना है। अध्ययन पक्षी समुदायों में खतरों की जानकारी कैसे सामाजिक तौर पर एक-दूसरे से साझा होती है, इस पर खासी रोशनी डालता है।



### कई कौओं ने लिया बदला

बाद के सालों मे प्रोफेसर और उनके सहयोगियों ने उन्हीं मास्क को पहन कर यूनिवर्सिटी कैम्पस में घूमते हुए स्थानीय कौओं को दाना डाला करते थे। मार्जलफ ने मास्क पहने हुए एक घटना को याद किया जब उनके सामने आए 53 कौओं में से 47 ने उन्हें बुरी तरह परेशान कर दिया था। इनमें वे पकड़े गए सात कौए भी थे।

**संख्या बढ़ी और फिर होने लगी कमी :** हैरानी की बात ये थी कि परेशान करने वाले कौओं की संख्या कहीं ज्यादा थी। इससे पता चलता है कि ये पक्षी उन्हें खतरे में डालने वाले इंसानों को पहचान सकते हैं और इस जानकारी को अपने साथियों तक भी पहुंचा सकते हैं। सन 2013 में परेशान करने वालों की संख्या खासी से बढ़ गई ।

### बहुत ही काबिल होते हैं कौए

दुनिया में कई जगह और कई बार कौओं के हमला करने की घटनाओं का उल्लेख पाया गया। कौए अपनी अविश्वसनीय बुद्धिमानी से हमेशा चौंकाते रहते हैं। यह केवल खतरों को पहचानने और द्वेष रखने तक ही सीमित नहीं है। पिछले शोध से संकेत मिलता है कि कौओं में औजार बनाने और यहां तक कि गिनने की प्रतिभा होती है। अध्ययन के नतीजे साफ बताते हैं कि कौए 17 साल तक बदले की भावना पालते हैं और खतरे को याद रख पहचान सकते हैं।

### मुखौटे का उपयोग

सितंबर 2023 तक प्रयोग शुरू होने के 17 साल बाद, मार्जलफ़ के मास्क वाली सैर पर एक भी परेशान करने वाला कौआ नहीं सुना गया। अध्ययन का एक और दिलचस्प पहलू डिक चेनी की तरह दिखने वाले एक 'तटस्थ' मुखौटे का उपयोग करना था। चेनी उस समय अमेरिका के उपराष्ट्रपति थे।

### एक-दूसरे को देते हैं जानकारी

वे घनिष्ठ पारिवारिक समूहों में रहते हैं। उन्हें अपने झुंड के मृत सदस्यों के लिए 'अंतिम संस्कार' करते हुए देखा गया है। वे एक-दूसरे को बेहतरीन तरह से जानकारी देते हैं। इतना ही नहीं, वे अपनी अगली पीढ़ी को खतरों की जानकारी देने के काबिल होते हैं, जिससे अगली पीढ़ी को खतरों की पहचान करने में अलग से अनुभव की जरूरत नहीं होती।

## क्या होते हैं प्याज पर लगे काले-काले धब्बे?

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर देखा होगा कि प्याज़ पर काले रंग के धब्बे पड़ जाते हैं। ये छूने पर हाथ में पाउडर की तरह चिपकते हैं। आखिर ये क्या चीज़ होती है और इसे खाने से कोई नुकसान भी है क्या? चलिए जानते हैं। कच्चा प्याज खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है। माना जाता है कि कच्चा प्याज ब्लड शुगर को भी नियंत्रण में रखता है और ये रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। पोटेशियम की मौजूदगी के कारण प्याज दिल को भी स्वस्थ रखता है और इसके तमाम फायदे हैं। ऐसे में प्याज हमारे रोज़ के खाने का हिस्सा है। प्याज लगभग सभी के घरों में इस्तेमाल होता है। आमतौर पर ग्रेवी बनाते समय प्याज का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, हम कच्चे प्याज को सलाद के तौर पर खाते हैं और सब्ज़ियों का ज़ायका बढ़ाने के लिए इसे डाला जाता है।



### शरीर के लिए हानिकारक है काला फंगस

कई बार आप प्याज खरीदते समय या प्याज काटते समय देखेंगे कि प्याज पर काले धब्बे पड़ गए हैं। ऐसे धब्बे कभी ऊपर तो कभी प्याज़ के अंदर भी दिखाई देते हैं। आप इसे ज़रा से रगड़ देते हैं तो ये दूर हो जाता है। प्याज में पाया जाने वाला यह काला फंगस असल में एस्परगिलस नाइजर (एस्परगिलस नाइजर) है। इस प्रकार का कवक मिट्टी में पाया जाता है। हालांकि, इससे ब्लैक फंगस जैसी बीमारी नहीं होती, लेकिन यह हमारे शरीर के लिए हानिकारक है। इस प्रकार के फंगस वाले प्याज एलर्जी हो सकती है। खासतौर पर जिन लोगों को पहले से ही एलर्जी है, उन्हें इस तरह का प्याज कभी नहीं खाना चाहिए।

## सुंदर दिखने की ऐसी सनक! 24 घंटे में कराई 6 सर्जरी, फिर बिस्तर से उठ नहीं पाई महिला

**बीजिंग।** सुंदर दिखना और इसके लिए प्रयास करना बिल्कुल सामान्य सी बात है। हर कोई चाहता है कि वो अच्छा दिखे लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता है कि वो अपनी सेहत और अपने शरीर के साथ खिलवाड़ करने पर उतर आए। हालांकि, पड़ोसी देश चीन में रहने वाली एक महिला ने कुछ ऐसा ही किया और इतना नतीजा बहुत ही भयानक हुआ। ये कहानी दक्षिणी चीन के गुआंक्शी प्रांत की है। यहां रहने वाली एक महिला ने खुद को सुंदर और जवां दिखाने के लिए ऐसा फैसला लिया, जो जानलेवा साबित हुआ। उसने एक ही दिन में कुल 6 कॉस्मेटिक सर्जरी करा ली और फिर जो हुआ, वो शायद ही उसने सोचा हो। ये घटना हर उस शख्स को जाननी चाहिए, जो सुंदरता की सनक में सब कुछ भूल जाते हैं।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के ग्रामीण इलाके में रहने वाली एक महिला ने सुंदर दिखने के लिए कुछ ऐसा किया कि उसकी जान ही चली गई। महिला नानिंग में मौजूद एक ब्यूटी क्लीनिक पर गई थी, जहां उसने 24 घंटे के अंदर कुल 6 कॉस्मेटिक प्रोसीजर करा लिए। 9 दिसंबर, 2020 को महिला ने पहले डबल आईलिड सर्जरी कराई और फिर नाक ठीक कराई।

### डिस्चार्ज होने से पहले ही गई जान

महिला को 11 दिसंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाना था, लेकिन वो अचानक ही बेहोश हो गई। एमरजेंसी में उसे दूसरे अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. महिला की ऑटोप्सी रिपोर्ट में पता चला कि उसकी मौत अंगों के फेल होने की वजह से हुई, जिसकी वजह लाइपोसक्शन सर्जरी है। दो बच्चों की मां के इस तरह चल बसने के बाद उसके परिवार ने मुआवज़े की मांग की।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com